फाल्गुन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी/अमावस्या संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 244 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
28 फरवरी 2025 शुक्रवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
14 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो





## दस टन कचरा जलेगा, 24 थानों की पुलिस व केंद्र-मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीमें तैनात

# इंसीनरेटर तपे...850 डिग्री तापमान पर नष्ट होने लगा जहरीला कचरा

**इंदौर, एजेंसी**

39 साल बाद भोपाल गैस त्रासदी की वजह बनी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का केमिकल वेस्ट आज पीथमपुर में जलाया जा रहा है। यहां साढ़े 300 मीट्रिक टन से अधिक कचरा लाया गया है। स्थानीय विरोध के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी है। इस कचरे को सुरक्षित तरीके से नष्ट करने के लिए विशेष इंसीनरेटर ( भट्टी ) का उपयोग किया जा रहा है, जिसका तापमान 850 डिग्री सेल्सियस तक ले जाया गया। इस पूरे ऑपरेशन की निगरानी केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड टीम कर रही है। विशेष सावधानियों के तहत कचरे को छोटे-छोटे 9-9 किलो के बैग्स में पैक किया गया है। इंसीनरेटर को गर्म करने में 12 घंटे लगते हैं, इसलिए इसे बीती रात 10 बजे से चालू कर दिया गया था. इंसीनरेटर को जलाए रखने और उसके तापमान को बनाए रखने के लिए हर घंटे 400 लीटर डीजल की खपत होगी। दूसरी तरफ पीथमपुर में हालातों पर प्रशासन कडी नजर रखे हुए है। एसडीएम प्रमोद कुमार गुर्जर का कहना है कि हाई कोर्ट के आदेशानुसार संबंधित एजेंसी प्रोटोकॉल के अनुसार काम कर रही हैं। लॉ एंड ऑर्डर के लिए इलाके में व्यवस्थाएं कर दी गई हैं। लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।





### सावधानियों के पुख्ता प्रबंध

जानकारी के मुताबिक कचरा जलाने का प्रोसेस सुबह साढ़े 10 बजे शुरू किया गया। इसके लिए पहले इंसीनरेटर को 850 डिग्री तापमान तक गर्म किया गया। इंसीनरेटर के तैयार होने के बाद कचरा मिक्स कर इसमें डाला गया। सभी कर्मचारी और मजदूर विशेष सुरक्षा उपकरणों के साथ कचरा जलाने का काम कर रहे हैं। हालांकि, जिस प्लांट में यूनियन कार्बाइड का कचरा जलाया जा रहा है, वहां की चिमनी से धुआं निकलता नहीं दिख रहा है। मध्यप्रदेश प्रदूषण विभाग के रीजनल अधिकारी श्रीनिवास द्विवेदी का कहना है कि कचरे से निकलने वाली राख, गैस, सॉलिड पार्टिकल और पानी को उचित तरीके से नष्ट किया जाएगा। यह पूरा काम केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों की निगरानी में ही होगा।

### हाईकोर्ट में याचिका की बात भी

दूसरी तरफ पीथमपुर बचाओ समिति के अध्यक्ष हेमंत हिरोले ने कहा- हाई कोर्ट में 11 झूठे हलफनामे पेश कर कचरे के ट्रायल रन की अनुमति ली गई है। हम जल्द ही इस बारे में एक मीटिंग करेंगे। हाईकोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर कर प्रदूषण बोर्ड की रिपोर्ट भी पेश करेंगे। इस कचरे के निष्पादन पर रोक लगाने की मांग की जाएगी।

## खाना-पानी की तलाश में बाहर निकला तो दबोचा गया रेप का आरोपी

**पुणे।** बीते दिनों स्वारगेट बस अड्डे पर खड़ी बस में 26 साल की युवती से रेप का आरोपी दद्दात्रेय रामदास गाडे अंतत-गिरफ्तार हो गया। पुलिस ने पुणे के शिरूर तहसील से आरोपी को रात करीब दो बजे दबोचा। आरोपी की मंगलवार से तलाश हो रही थी। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस ने तेरह टीमें बनाई थी और उसके ऊपर एक लाख का इनाम भी रखा गया था ड्रोन से भी तलाश की जा रही थी। वह एक खेत में छिपा हुआ था। बताया जाता है कि देर रात करीब 12 बजे गाडे ने गुनात गांव में एक घर पर दस्तक दी और पानी मांगा उसे भूख लगी थी, इसलिए पानी पीने के बाद वह खाने की तलाश में चला गया। उसी समय मुखबिर ने पुलिस को उसके बारे में जानकारी दी और पुलिस ने उसे दबोचा। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार अपराधी को मृत्युदंड सुनिश्चित करने का प्रयास करेगी।

## बिहार-बंगाल से लेकर असम तक भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** नेपाल में देर रात भूकंप के कई झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 6.1 और 5.5 मापी गई। इसका असर बिहार, पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में महसूस हुआ। बंगाल में सबसे तेज झटके सिलीगुड़ी में महसूस किए गए। लोगों ने बताया कि वे घबराहट में जाग गये और बाहर भागे। हालांकि कोई बडे नुकसान की खबरें नहीं हैं। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी एवं अनुसंधान केंद्र के अनुसार, काठमांडू से 65 किलोमीटर पूर्व में सिंधुपालचौक जिले में कोडारी राजमार्ग पर तड़के तीन बजकर 51 मिनट पर भूकंप आया, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.1 दर्ज की गई। भूकंप काठमांडू घाटी और उसके आसपास महसूस किया गया।

## ट्रक में घुसी कार, प्रयाग से भोपाल लौट रहे 4 की मौत

**भोपाल।** महोबा में आज सुबह तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार 4 लोगों की मौत हो गई। कार पूरी तरह से डैमेज हो गई और ट्रक में फंस गई। ट्रक 50 मीटर तक कार को घसीटते हुए ले गया। बाद में ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। एक घंटे तक चार लोग कार में तड़पते रहे। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी की मदद से कार को अलग किया। बताया जा रहा है कि कार सवार भोपाल के रहने वाले थे। कानपुर-सागर हाईवे पर श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र में बरा स्टैंड के पास हुआ। कार सवार महाकुंभ से स्नान करके भोपाल लौट रहे थे। खबरों के मुताबिक कार सवार भोपाल निवासी नरेश नागर , पूजा नागर और ड्राइवर अवधेश नागर की मौके पर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उपचार के दौरान महिला की भी मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।




# बाजार ढहा... 1000 अंक नीचे आया सेंसेक्स

### निफ्टी भी पस्त, निवेशक सकते में

**मुंबई, एजेंसी**

इस कारोबारी सप्ताह में पूरे समय अनिश्चितता के रहे तो आज आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में हाहाकार की हालत बन गई। आज सेंसेक्स करीब 1000 अंकों ( 1.31 फीसदी ) की गिरावट तक जा पहुंचा और 73,600 के स्तर पर आ गया। निफ्टी में भी 300 अंक की गिरावट के बाद 22,250 के स्तर पर आ गया। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 28 में गिरावट और केवल दो में तेजी है। निफ्टी के 50 शेयरों में से 46 में गिरावट और केवल चार में तेजी है। एनएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स में आज गिरावट है। सबसे ज्यादा गिरावट आईटी में 3.27 फीसदी, ऑटो में 2.65 फीसदी, मीडिया में 2.50 फीसदी, सरकारी बैंकों में 2.05 फीसदी और मेटल में 1.82 फीसदी है। इस बड़ी गिरावट की वजह यह भी मानी जा रही है कि आज तीसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े जारी होने हैं। लिहाजा निवेशक सतर्क है। भारत की अर्थव्यवस्था इस तिमाही में 6.3 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। सरकारी खर्चों में बढ़ोतरी ने घरेलू मांग की कमजोरी की भरपाई करने में मदद की। हालांकि, आगे की ग्रोथ को लेकर अनुमान थोड़ा संयमित है। खास बात यह है कि कल सेंसेक्स में 10 अंक की तेजी के साथ 74,612 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी 2 अंक गिरकर 22,545 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 13 में गिरावट और 16 में तेजी रही।



### यह भी कारण !

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पुष्टि की, कि कनाडा और मेक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ 4 मार्च से लागू होगा। इसके अलावा, चीन पर पहले से लगे 10 फीसदी टैरिफ के साथ 4 मार्च से 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। इससे बाजारों में दबाव बढ़ गया है। अमेरिका और एशियाई बाजारों में गिरावट है।
- 27 फरवरी को विदेशी निवेशकों ) ने 556.56 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। 2025 में विदेशी निवेशकों ने 1 लाख करोड़ से अधिक वैल्यू के भारतीय शेयरों को बेच दिया है। इस बीच, म्यूचुअल फंड सहित घरेलू संस्थागत निवेशकों ने इस अवधि के दौरान 83,000 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे हैं।

# सरकारी कामकाज और व्यवस्थाओं में विज्ञान का उपयोग करेगी सरकार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सेंटर आफ एक्सीलेंस इन स्टेम एजुकेशन का विज्ञान भवन में शुभारंभ किया और सेंटर में प्रस्तुत मॉडल तथा विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न सिद्धांत सरलता से समझाने में सहायक उपकरणों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री यादव ने इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल और नवाचारों के संबंध में उनसे चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विज्ञान के आधार पर व्यवस्थित कार्यप्रणाली, जिज्ञासु प्रवृत्ति को प्रोत्साहन और नवीनतम तकनीकों का उपयोग करने के साहस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व के शीर्ष राष्ट्रों में गिने जाने का मार्ग प्रशस्त किया है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाई है। राज्य सरकार शिक्षा सहित शासकीय कार्य प्रणाली और सामान्य व्यवस्थाओं के संचालन में विज्ञान का अधिक से अधिक उपयोग कर आम आदमी के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री भोपाल से आज सागर पहुंचे हैं। जहां वे गढाकोटा में रहस लोकोत्सव और बुंदेलखंड स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल हो रहे हैं।



## बाघ से भिड़ा जर्मन शेफर्ड, परिवार को बचाया

**उमरिया।** एक जर्मन शेफर्ड डाग ने अपने मालिक के परिवार को बचाने के लिए बाघ से न सिर्फ लोहा लिया बल्कि बाघ को जंगल में भागने पर मजबूर भी कर दिया। हालांकि डाग बुरी तरह घायल भी है। मामला बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के निकट स्थित ग्राम भरहुत का बताया है। बाघ ने एक परिवार पर हमला करने की कोशिश की, तो डॉग ने सामने आकर परिवार की जान बचा ली। पशु चिकित्सक का कहना है कि डॉग के शरीर पर काफी गंभीर घाव हैं। भरहुत निवासी शिवम बढ़गैया का कहना है कि सभी लोग घर के अंदर थे। इसी दौरान जंगल से निकलकर बाघ गांव में पहुंचा और घर में घुस आया। तब परिसर में घूम रहा जर्मन शेफर्ड भौंकने लग और बाघ का रास्ता रोक लिया। फिर बाघ ने हमला कर दिया। डॉग घबराया नहीं बल्कि उसने बाघ पर जवाबी हमला किया। हालांकि बाद में बाघ उसे खींचकर ले जाने लगा तो उसके पंजे से छूटकर जर्मन शेफर्ड डाग फिर पूरी ताकत के साथ गुर्राने लगा। इस बीच गांव के लोग भी जाग चुके थे और शोर मचा रहे थे जिससे घबराकर बाघ जंगल के अंदर चला गया।

### हिमाचल, कश्मीर, उत्तराखंड में बर्फबारी

## पहाड़ों से आया नया संदेश, मैदानी मप्र में बरसेंगें बादल

**नई दिल्ली/भोपाल।** पहाडों पर फिर बारिश व बर्फबारी ने मौसम का मिजाज बदलने के संकेत भेजे हैं। इसका असर मैदानी राज्यों में होगा। मप्र में भी 4 मार्च से मौसम बदलने के हालात बन रहे हैं। दरअसल हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में 3 दिन से बर्फबारी और निचले इलाकों में बारिश हो रही है। पूरे लाहौल स्पीति जिले के साथ-साथ चंबा के पांगी-भरमौर और किन्नौर जिले में भारी बर्फबारी के बाद सड़कें बंद हो गई हैं। सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में आज छुट्टी घोषित कर दी गई हैं।उत्तराखंड के गंगोत्री में 4 फीट तक बर्फबारी हुई है। जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे को भारी बर्फबारी और लैंडस्लाइड के कारण बंद कर दिया गया है। उधमपुर से आगे जाने के रास्ते बंद है। बड़ी संख्या में ट्रक, बसें और यात्री वाहन वहीं फंसे हुए हैं। आज भी बर्फबारी होने के बाद बॉर्डर रोड ऑर्गनाइजेशन श्रीनगर एयरपोर्ट के रनवे पर बर्फ हटाने में लगा हुआ है।

**मप्र में नया विक्षोभ :** मौसम विभाग के अनुसार, 2 मार्च से मप्र में नया वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। इससे मौसम में बदलाव होगा। फिलहाल आज भोपाल, इंदौर समेत कई शहर में दिन का पारा 2 से 3 डिग्री तक बढ़ सकता है। मार्च के पहले हफ्ते में बादल छाने और हल्की बारिश होने के आसार हैं। 4 मार्च से इंदौर, ग्वालियर, चंबल हिस्से में कहीं-कहीं मौसम बदला हुआ रह सकता है। इससे पहले दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

**मेट्रो एंकर**

### टीसीएस मैनेजर ने भी पत्नी से तंग आकर जान दी, इसके पहले बनाया वीडियो

# प्लीज... मर्दों के बारे में कोई तो बात करे...

**आगरा, एजेंसी**

अपनी पत्नी से कथित तौर पर परेशान एक युवक द्वारा आगरा में जान देने का नया मामला सामने आने के बाद एआई इंजीनियर अतुल सुभाष सुसाइड की याद ताजा हो गई है। आगरा में भी जान देने से पहले टीसएस के रिक्रूटमेंट मैनेजर ने वीडियो बनाया। उसने वीडियो में कहा- सॉरी मम्मी-पापा। मैं पत्नी से तंग आ चुका हूं। प्लीज मर्दों के बारे में कोई तो बात करे, वे बहुत अकेले हो जाते हैं। पत्नी मुझे धमकी देती है। यह 6.57 मिनट का वीडियो 24 फरवरी का बताया जा रहा है। मृतक के पिता ने सीएम पोर्टल पर शिकायत की है। बताया जाता है कि सदर क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी निवासी मानव शर्मा टीसीएस में रिक्रूटमेंट मैनेजर पद पर मुंबई में काम करते थे। एयरफोर्स से रिटायर्ड पिता नरेंद्र शर्मा ने बताया- बेटे की शादी गत वर्ष इसके बाद बहू भी बेटे पास मुंबई चली गई। कुछ दिन तक तो सही चला, लेकिन उसके बाद बहू आए दिन झगड़ा करने लगी। परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगी। बहू अपने बॉयफ्रेंड के साथ रहने की बात कहने लगी। 23 फरवरी को बहू और बेटे मुंबई से घर आए। उसी दिन मानव पत्नी को छोड़ने मायके गया था। वहां मानव को ससुराल वालों ने धमकाया। अगले दिन सुबह 5 बजे बेटे ने घर में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया। हम लोग उसे मिलिट्री अस्पताल लेकर गए, जहां डाक्टरों ने बेटे को मृत घोषित कर दिया। बाद में थाने में सिपाहियों ने मुकदमा दर्ज करने से मना कर दिया। हालांकि बाद में इंस्पेक्टर ने कहा- परिजन ने पोस्टमॉर्टम के समय कोई शिकायत नहीं दी थी। देर रात वॉट्सऐप पर तहरीर मिली है। इस पर ही मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।



**इधर** वीडियो वायरल होने के बाद मानव की पत्नी निकिता का बयान आया है। उसने कहा है कि मानव ने मुझपर जो आरोप लगाए हैं वो मेरा पास्ट था, वो शादी के पहले की बात है, ।शादी के बाद ऐसा कुछ नहीं था। मानव पहले भी खुद को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर चुका था। एक बार तो मैंने खुद फंदा काटकर उसे फांसी लगाने से रोका था। लेकिन इस बार मैं मौके पर नहीं थी। आप लोग मेरी भी सुनो।

### डोंट टच माय पेरेंट्स

मानव ने वीडियो में कहा- मैं तो चला जाऊंगा। मर्दों की सोचो, प्लीज सोचो, मर्दों के बारे में कोई तो बात करे। बेचारे बहुत अकेले हैं। पापा सॉरी, मम्मी सॉरी, अक्कू सॉरी। मेरे जाते ही सब कुछ ठीक हो जाएगा। मानव ने कहा- मैं पहले भी सुसाइड की कोशिश कर चुका हूं। इसके बाद मानव रोने लगते हैं। फिर आखिरी मिनट में हंसते हैं। कहते हैं करना है तो ढंग से करो। आंसू पोंछते हुए कहते हैं डोंट टच माई पेरेंटस ।ज्ञात हो कि बीती 9 दिसंबर को एआई इंजीनियर अतुल सुभाष ने आत्महत्या की थी। उन्होंने बेंगुलरु में अपने फ्लैट में सुसाइड नोट और वीडियो बनाकर जान दे दी थी। इसके बाद अतुल के परिवार ने पत्नी निकिता सिंघानिया और उसके परिवार पर अतुल को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए थे।

## सुहावना मौसम



भोपाल। राजधानी में बदलने मौसम के साथ तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

# राजधानी में करोड़ों रु.के किए जा रहे विकास कार्यों में जनसुविधाएं नदारद

## आंबेडकर ब्रिज पर फुटपाथ, कोलार सिक्सलेन में नहीं हैं पर्याप्त टॉयलेट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शहर में हाल में लोकार्पित आंबेडकर ब्रिज से लेकर कोलार सिक्सलेन, अहिल्यादेवी-मनीषा मार्केट चार लेन, करोद रोड, नीलबड़ रोड, लोकार्पण के लिए तैयार एशबाग ब्रिज और अन्य सडक़ों पर कोई सुरक्षा की व्यवस्था नहीं है। सिर्फ रोड- ब्रिज का सिविल काम पूरा किया और इतिश्री। कई में जलनिकासी डक्ट तक नहीं है। न इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग पाइंट है न ही वेस्ट निष्पादन व कलेक्शन की व्यवस्था। शौचालय तक नहीं है।

दरअसल, राजधानी में आमजन सुविधा के नाम पर विकसित किए जा रहे करोड़ों रुपए के प्रोजेक्ट से जनसुविधाएं नदारद हैं। हाल में लोकार्पित आंबेडकर ब्रिज को चार लेन ब्रिज के नाम से प्रचारित किया, लेकिन वास्तविकता में यहां तेज रतार वालों की चपेट में आने से बचने फुटपाथ तक नहीं है, जबकि इंडियन रोड कांग्रेस में इसके लिए नियम तय है। इसी तरह शहर की सबसे महंगी व प्रदेश की पहली सीसी सिक्सलेन की पंद्रह किमी की लंबाई में लोगों को सुलभ की सुविधा तक नहीं है। रोड तैयार है और ट्रैफिक तेजी से गुजर रहा है, लेकिन अब तक सुलभ को लेकर कोई काम नजर नहीं आ रहा। इसी तरह अन्य प्रोजेक्ट्स की स्थिति है।



### शहर में हैं करोड़ों के ब्रिज

- प्रभात पेट्रोल पंप पर लाइओवर- 43.66 करोड़
- बैरागढ़ फाटक इंदौर भोपाल स्टेट हाइवे पर रेलवे ब्रिज- 26.60 करोड़
- गणेश मंदिर से गायत्री मंदिर तक लाइओवर- 158 करोड़
- ऐशबाग आरओबी- 17.38 करोड़
- फंदा फाटक पर आरओबी- 37.98 करोड़
- भोपाल इंदौर रेल लाइन पर तुमड़ा फाटक आरओबी- 41.27 करोड़
- सुभाष नगर के पास रेलवे आरओबी की थर्ड लेग- 31.83 करोड़
- लाऊखेड़ी सीवेज पंप से सीहोर नाका एलीवेटेड लेन- 306.40 करोड़
- भोपाल हाट के पास से छह नंबर तक लाइओवर- 2.55 करोड़
- रेलवे कोच फैक्ट्री के पास आरओबी- 20 करोड़

### प्रोजेक्ट्स में आमजन की ये सुविधाएं जरूरी

- सीसीटीवी ताकि संबंधित रोड पर आवाजाही करने वाले निगरानी में रहे। सुरक्षा बेहतर हो।
- प्रति डेढ़ किमी में एक सुविधाघर हो और वहां तक पहुंचने के लिए एप्रोच दी जाए।
- फुटपाथ जरूरी है। यदि रोड किनारे किसी को जरूरत पर कुछ देर ठहरना हो तो उसे ट्रैफिक के बीच न उलझना पड़े।
- जीपीएस इनेबल्ड साइनबोर्ड व दिशा निर्देश हो। इससे रोड-ब्रिज पर ट्रैफिक के तहत जानकारी मिल जाए। इसके साथ ही लोगों को पता हो कि रोड पर कहां क्या है, ताकि वे अपना अगला रास्ता चुन सके।
- रोड किनारे बस स्टॉप हो, ताकि यात्री कुछ देर आराम कर सके।
- रोड पर सफाई की व्यवस्था के साथ डस्टबिन हो और इनके लिए वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम तय हो।
- शौचालय के साथ पेयजल व्यवस्था जरूरी है।
- एंबूलेंस- फायर ब्रिगेड के लिए विशेष लेन तय हो। जरूरत पडऩे पर उसे खोला जा सके।
- इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग पांइट व सेंटर हो ताकि इवी चार्ज हो सके।

# निर्माणाधीन फैक्ट्रियों में बढ़ रहीं चोरियां



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कॉलोनियों में कचरा बीनने वाली महिलाओं की गेंग इन दिनों आईटी पार्क, इंडस्ट्रियल एरिया में सक्रिय हैं। आईटी पार्क में कुछ माह से नई-नई इलेक्ट्रानिक सामानों की फैक्ट्रियों का निर्माण चल रहा है। जहां लोहा, सीमेंट की बोरिया आदि खुले में पड़ी हुई है। यूं तो निर्माणाधीन हिस्से में चौकीदार भी लोगों ने तैनात किए हुए है, लेकिन कचरा बीनने वाले गेंग यहां सक्रिय होने के चलते आए दिन सामान चोरी हो रहा है। कुछ दिन पहले कारखाना क्षेत्र में करीब छह कचरा बीनने वाली महिलाएं को सिक्युरिटी गार्ड ने पकड़ा तो वह भागने लगी। महिलाओं से वॉक करने वालों ने भागने का कारण पूछा तो वह कह रही थी, सुरक्षा गार्ड हमें गाली दे रहा है।

### गोंदरमऊ साइड में झुग्गियों से आते हैं

बताया गया कि आशाराम चौराहे से लगे गोंदरमऊ, अब्बास नगर साइड पर बड़ी संया में झुग्गियों में यह कचरा बीनने वाले रहते हैं। घरों में चोरियां भी यह कचरा बीनने वाली गेंग करती हैं। रोटी व भीख मांगने के बहाने यह घरों की रैकी करते हैं। आईटी पार्क से लगी गोकुलधाम और द्वारकाधाम के रहवासियों ने बताया कि कुछ दिनों से कचरा बीनने वाली गेंग आईटी पार्क से समान भर-भर कर निकलते मार्निंग वॉक के दौरान देखने को मिल रहे हैं। निर्माणाधीन प्लांट से पिछले दिनों छत डालने के लिए रखा लोहा, यह उठाकर ले जा रही थी। एक बार तो पकड़ भी चुके हैं। यह सुबह चार बजे सरहवासी क्षेत्र में आती हैं। कॉलोनी में चोरियां होने की शिकायत पर हमने कचरा बीनने वाले और मार्केटिंग करने वालों को कॉलोनी में प्रवेश सती से बंद कर दिया है। कवर्ड कैंपस में अब उन्हे प्रवेश नहीं दिया जा रहा है।

# ठेंगड़ी शोध संस्थान में जुटेंगे शिक्षाविद, अनुसंधानकर्ता व स्वतंत्र शोधकर्ता

## 1-3 मार्च तक होगा राष्ट्रीय शोधार्थी समागम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ठेंगड़ी शोध संस्थान में सैंकड़ों शिक्षाविद्, अनुसंधानकर्ता व स्वतंत्र शोधकर्ता जुटेंगे। ये भोपाल समेत अलग-अलग राज्यों के होंगे, जो 1 से 3 मार्च तक होने वाले राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का हिस्सा बनेंगे। यह ज्ञान, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी सहित अलग-अलग विषयों में पर केन्द्रित होगा। यह जानकारी गुरुवार को शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने मीडिया को दी। समागम में 30 से अधिक शिक्षाविद् और विद्वान 14 से अधिक सत्रों को भारत केंद्रित अनुसंधान, विचारों का आदान-प्रदान, भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रवाह, शोध रणनीति तैयार करना, शोधकर्ताओं के बीच सहयोग, विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को पूरा करना, शोध की गुणवत्ता, युवा शोधकर्ताओं को सशक्त बनाना, अनुसंधान और विकास के लिए नीति तथा अनुसंधान का डिजिटलीकरण विषयों पर संबोधित करेंगे। आर्टिफिशियल इंटलीजेंस (एआइ) के उपयोग और भारतीय ज्ञान परंपरा को संरक्षित, साक्षा और विस्तारित ग्रामीण, विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, सतत और आर्थिक विकास में भारत केन्द्रित अनुसंधान के माध्यम से भारतीय सन्दर्भ को उपयोगी बनाने, नवाचार, बहुविषयी दृष्टिकोण का विकास, विकसित भारत-2047 के लक्ष्य के अनुरूप अनुसंधान को बढ़ावा देने, अनुसंधान विधि और सहायता के लिए नये रास्ते तलाशने, युवा शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित और सशक्त बनाने, सार्वजनिक नीति पर शोध के प्रभाव आदि विषयों पर विचार विमर्श होगा। शोध संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि समागम में शिक्षाविद् और शोधार्थियों द्वारा इस समागम में शोधार्थी भाषा, कला, परंपरा, दर्शन, विकसित भारत, प्रौद्योगिकी, वैश्विक विज्ञान, उद्यमिता, कृषि, आधुनिक शिक्षा, सामाजिक-आर्थिक विकास, डिजिटल भारत, जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक कूटनीति, योग और आयुर्वेद विषयों पर शोध पत्र भी प्रस्तुत भी किए जाएंगे।

## मांगों को लेकर धरना



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मध्यप्रदेश कर्मचारी मंच आरजीपीवी कर्मचारी समिति के बैनर तले स्थाई कर्मियों एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का अपनी प्रमुख मांगों के समर्थन में धरना प्रशासन सचिव के कक्ष के समक्ष आज 15 दिन की जारी रहा।

### शराब की दुकानें हटाने चला हस्ताक्षर अभियान

**हिरदाराम नगर.** संतनगर से शराब की दुकानों को हटाने के लिए युवा सिंधी मंच का हस्ताक्षर अभियान जारी है। महाशिवरात्रि पर भी मंच के कार्यकर्ताओं ने अध्यक्ष जयराम नंदवानी के नेतृत्व में प्रतिष्ठानों, सामाजिक संस्थाओं एवं शैक्षणिक संस्थाओं पर जाकर मांग के समर्थन में हस्ताक्षर कराए। प्रकाश बचानी, हीरो गनवानी, बाबूलाल चोटरानी, हीरो हिन्दू, राज मनवानी, गुरदास रामचंदानी, घनश्याम मोरंदानी, आशु नंदवानी ने फल वितरित किए। युवा सिंधी मंच ने गत दिनों भोपाल जिला कलेक्टर को शराब की दुकानें हटाए जाने को लेकर ज्ञापन दिया था।

**मेट्रो एंकर**

## सम्माजसेवी हुए सम्मानित

# माता मंदिर में शिवरात्रि पर विशेष पूजन हुआ

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

महाशिवरात्रि पर शिव अनुष्ठान के साथ कुंडली में कालसर्प, पितृदोष के निवारण की पूजा की गई। बजरंग बली प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहयोग करने वाले समाजसेवियों का सम्मान किया गया। नुक्कड वाली माता मंदिर महा शिवरात्रि पर शिव अभिषेक और जिन साधकों की कुण्डली में पितृदोष, कालसर्प दोष है, उसका पूजन कराया गया। पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि ब्राह्मणों राजेश शर्मा, जीवन प्रसाद तिवारी, दीपक शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रदीप शर्मा द्वारा भगवान शिव का सहस्त्र धाराओं एवं दूध, दही, घृत, शहद, मिष्ठान से अभिषेक किया गया। अंत में भगवान शिवजी की आरती कर प्रसादी वितरण किया गया।

**यह सम्मानित हुए :** समाजसेवी मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, बजरंग सेना समिति के मुख्य सलाहाकार रुप कुमार सोनी, रामचंद सबनानी, हिन्दू फैंस क्लब के अध्यक्ष हीरो हिन्दू, नंदू जोशी, कमल मनसुखानी व अन्य शामिल थे।

**शिव बारात निकली:** महामृत्युंजय मंदिर विजय नगर द्वारा शिव-पार्वती की शोभायात्रा निकाली गई, जिनका जगह-जगह भक्तों द्वारा स्वागत किया गया। मंदिर परिसर में शिव-पार्वती विवाह सम्पन्न कराया, जिसमें मुख्य रूप से संध्या गुप्ता और बबीता वर्मा सहित अन्य माताओं एवं बहनों ने आरती कर दर्शन किए। मंदिर के ट्रस्टी संस्थापक के.एल. माली, संरक्षक श्याम मनोहर अग्रवाल, अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासचिव दिनेश तांतेड़, ट्रस्टी सदस्य गोपाल हरसिंघानी, डॉ रमेश माधव, कुलदीप खरे, शरद खरे कैलाश असुदानी, वी.आर. दुबे, श्याम विजयवर्गीय, राजेंद्र सिंहल, इंद्रदास मेघानी, आलोक पुनिया, मनोज वर्मा और विजय नगर सिंधी उत्थान पंचायत अध्यक्ष कैलाश शर्मा, संरक्षक रमेश भंभानी, अशोक टिलवानी, किशन मूरजानी, वासदेव जेठानी, हीरानंद गनवानी और कैलाश निरंजन धाम मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# एक माह से चल रही हरि ओम नम: शिवाय धुनी का समापन

**हिरदाराम नगर.** सुखसागर उदासीन आश्रम में विगत एक माह से चली आ रही हरिओम नम शिवाय एवं श्री शिवाय नमस्तुभ्यं का जाप का समापन्न आज महाशिवात्रि पर्व के अवसर पर सम्पन हुआ। इस अवसर पर आश्रम के गदीशीन परम श्रद्धेय संत बाबा रामदास उदासीन व आश्रम के श्रद्धालुओं द्वारा पंचामृत से शिवअभिषेक किया गया व पूजा अर्चना की गयी। बाबा जी द्वारा सत्संग कार्यक्रम में भगवान शिव की महिमा पर प्रकाश डाला। भगवान शिव से बडा इस दुनिया में कोई नहीं शिव ही सत्य है शिव ही सुंदर है। सत्यम शिवम एवं सुंदरम्। इसके पश्चात् आम भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर बाबा रामदास उदासीन, गुरु माता राधा देवी उदासीन, संतोष उदासीन, नानक उदासीन के अलावा नारायणदास सबनानी, लालचंद जसवानी, तुलसी सदारंगानी, माधू चांदवानी, लीलाराम लेखवानी, श्याम गोपलानी, मोहनलाल, दीपक साधवानी, गोवर्धनदास सदारंगानी, रमेश दरयानी, उधमदास, जानकीलाल, अमित सदारंगानी आदि उपस्थित थे।



# चीता प्रबंधन और चंद्रशेखर आजाद उद्यान के लिए मोहन सरकार ने दिए करोड़ों रुपए

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस के लिए की घोषणा**

**भोपाल।** मोहन सरकार ने चीता प्रबंधन और चंद्रशेखर आजाद उद्यान के लिए करोड़ों रुपये की राशि देने का ऐलान किया है। सरकार ने पालपुर कूनो नेशनल पार्क को 8 करोड़ 90 लाख रुपये दिए है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2026-27 के लिए दी है। इसकी स्वीकृति मंत्रिपरिषद ने दी। जिसके आदेश 18 फरवरी को जारी जा चुके हैं। सरकार की ओर से यह भी कहा गया है कि केंद्र सरकार से आवंटन की प्रत्याशा में उपरोक्त योजना में कोई राशि खर्च की जाती है तो उसका समायोजन केंद्र से राशि मिलने के बाद किया जाएगा। वहीं सीएम डॉ. मोहन यादव ने अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद उद्यान के लिए 3 करोड़ रुपये दिए जाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि अलीराजपुर के भाबरा में चन्द्रशेखर आजाद की जन्मस्थली है, जिसे चन्द्रशेखर आजाद नगर भी कहा जाता है। यहां अमर शहीद चंद्रशेखर उद्यान के निर्माण के लिए उक्त राशि दी है।

# महंगाई और बेरोजगारी पर बड़ा आंदोलन करेगी कांग्रेस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

कांग्रेस में संगठन की मजबूती, आगामी चुनावों की तैयारी और जनसंपर्क अभियानों को प्रभावी बनाने को लेकर बीती देर रात तक पीसीसी में चर्चा का दौर चला। इस बैठक में प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार एवं सह प्रभारी संजय दत्त ने अपने प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत सभी जिलों के प्रभारी एवं अध्यक्षों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस दौरान संगठन को ज़मीनी स्तर पर अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए रणनीतियाँ तय की गईं।

इस दौरान तय किया गया कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने, सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ व्यापक



## संगठन को मजबूत करने संवाद पर जोर

जनआंदोलन खड़ा करने और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में काम होगा। बैठक में संगठन उपाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया एवं महामंत्री संजय कामले मौजूद रहे। निर्णय के अनुसार कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक जिले और ब्लॉक स्तर पर आम जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को उठाएंगे और सरकार की नाकामियों को उजागर करेंगे। कांग्रेस आने वाले समय में महंगाई, बेरोजगारी, किसान और आदिवासी हितों, महिला सुरक्षा और लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। पटवारी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि ऊर्जा के साथ जनता के बीच जाएं और कांग्रेस की नीतियों को मजबूती से रखें। सिंघार ने कहा कि वर्तमान सरकार की नीतियां आम जनता के खिलाफ हैं, और कांग्रेस पार्टी जनता की आवाज बनकर उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी।

# शराब दुकानों का रिन्यूअल-लॉटरी प्रयोग नाकाम टेंडर के भरोसे महकमा, नए समूह के टेंडर 4 मार्च से

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



मप्र में शराब दुकानों को रिन्यू करने और लॉटरी से बेचने का प्रयास असफल हो गया है। जिले के 34 शराब समूह में से सिर्फ 25 के ही रिन्यू और लॉटरी से सिर्फ 783 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आए। निमयानुसार तय लक्ष्य 1073 करोड़ रुपए के 80त्न यानी करीब 858.97 करोड़ रुपए के प्रस्ताव आने थे। लॉटरी के बाद सभी प्रस्ताव रद्द कर दिए। अब भोपाल जिले की सभी 87 दुकानों को नए समूह में बांटकर टेंडर के माध्यम से बेचा जाएगा। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचूरा ने बताया कि कुल लॉटरी के 10 आवेदन आए। कुल 16 समूहों में से कुल 175.86 करोड़ की 6 शराब समूहों में एमपी नगर, न्यू मार्केट, गोविंदपुरा, पुल बोगदा, पटेल नगर एवं कोकता समूह पर 10 लॉटरी से ऑफलाइन और ऑनलाइन प्रस्ताव मिले। इस प्रकार नवीनीकरण एवं लॉटरी के माध्यम से कुल 25 मदिरा समूहों से करीब 783 करो? रुपए के प्रस्ताव आए। जिले की कुल 34 समूहों की 87 कंपोजिट शराब दुकानों से साल 2025-26 के लिए 1073.72 करो? रुपए का राजस्व का लक्ष्य रखा है। कुल प्रस्ताव 80 प्रतिशत तक नहीं पहुंचे। इसलिए अब सभी दुकानें टेंडर के माध्यम से जाएंगी। इसके लिए दोबारा से दुकानों के समूह बनाए जाएंगे। समूहों की संख्या कम हो सकती है।

## अब इस तरह होगी टेंडर की प्रक्रिया

ई -टेंडर के लिए ऑनलाइन टेंडर पत्र डाउन लोड एवं ऑफर 4 मार्च से लिये जाएंगे। ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र 8 मार्च की दोपहर खोले जाएंगे। ई-टेंडर संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 9 मार्च को सुबह 10:30 बजे (जो भी बाद में हो), जिला समिति द्वारा ई-टेंडर का निराकरण ई-टेंडर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक किए जाएंगे।

# पीएम जनमन योजना से बदल रहा जनजातीय समुदाय का जीवन: राज्यपाल मंगूभाई

- राज्यपाल ने कटनी जिले के ग्राम कोठी में बैगा परिवारों से किया संवाद, बैगा हितग्राहियों का प्रधानमंत्री आवास में कराया गृह प्रवेश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार विशेष पिछड़ी जनजातियों को प्राथमिकता के साथ लाभान्वित कर रही हैं। पीएम जन-मन योजना के द्वारा बैगा, सहरिया एवं भारिया विशेष पिछड़ी जनजातीय बसाहटों में पक्का आवास, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। राज्यपाल श्री पटेल ने यह बात कटनी जिले के ढीमरखेड़ा तहसील के पीएम जनमन ग्राम कोठी में बैगा जनजाति के लोगों से संवाद के दौरान कही।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में जनमन ग्रामों के समग्र विकास के लिए दूरदर्शी और संवदेनशील नेतृत्व मिलना हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। प्रधानमंत्री जनजातीय समुदाय के प्रति विशेष संवेदनशील हैं। समाज के पिछड़े वर्ग और व्यक्तियों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सतत् काम कर रहे हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल जनमन ग्राम कोठी में बैगा हितग्राहियों के साथ संवाद कार्यक्रम के पहले, पीएम जनमन आवास योजना के हितग्राहियों के घर पहुंचे।

# पीएस बोलीं- गेहूं खरीदी के पहले पुराना बकाया चुकाओ

**खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने की समीक्षा**



**भोपाल।** गेहूं खरीदी शुरू करने के पहले सरकार हर तरह का भुगतान चुकता करने की तैयारी में है, फिर चाहे यह भुगतान किसी का भी हो। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी ने गुरुवार को शहडोल व सागर संभाग के कमिश्नर व कलेक्टरों की वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। असल में प्रदेश के कई वेयर हाउस संचालकों का बकाया है, जिसका भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस बात से वे नाराज है, धान खरीदी के समय उन्होंने उठाव करने से मना कर दिया था। इसी बीच बारिश हुई और लाखों क्विंटल धान खराब हो गई थी।

गेहूं खरीदी में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो, इसे देखते हुए सरकार पहले से एक्शन मोड में है, पीएस की बैठक भी इसी से जुड़ी बताई जा रही है। पीएस ने ये भी निर्देश दिए कि राशन लेने वाले 100 फीसद हितग्राहियों का ई-केवायसी हो जाना चाहिए। पीएस ने कहा कि किसानों से अच्छी गुणवत्ता का गेहूं खरीदें और समय पर भुगतान कराएं। केंद्रों पर नियमानुसार सभी व्यवस्थाएं होनी चाहिए, पंजीयन में कोई परेशानी हो तो उसे दूर करें। बता दें कि किसान 31 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे। इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के किसानों से 1 मार्च से 18 अप्रैल तक और शेष संभागों के किसानों से 17 मार्च से 5 मई तक गेहूं खरीदी की जाएगी।



## संपादकीय

# स्कूल चलें नारे की सार्थकता

प्रतिस्पर्धा के दौर में फिर स्कूली शिक्षा की स्थिति बहुत बेहतर नहीं कही जा सकती। हालांकि शिक्षा नीति और शिक्षा के अधिकार समेत कई नवाचार होते रहे हैं मगर अब भी देश के कई विद्यालयों में विद्यार्थियों का घटता नामांकन चिंता का विषय है। एक हालिया रिपोर्ट कहती है कि देशभर में कम से कम पैंतीस फीसद स्कूलों में पचास या उससे कम ही विद्यार्थी पढ़ते हैं। कई स्कूलों में एक या दो ही शिक्षक हैं। दस फीसद स्कूलों में बीस से कम विद्यार्थी आ रहे हैं। यह स्थिति स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिह्न है। स्कूलों में नामांकन की स्थिति पर जो विश्लेषण सामने आया है, वह बेहद निराशाजनक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के सर्वेक्षण से पता चला है कि भारत में लगभग 12.6 प्रतिशतछात्र पढ़ाई छोड़ देते हैं। इनमें से 19.8 फीसद माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ते हैं और 17.5 प्रतिशत उच्च प्राथमिक स्तर पर पढाई छोड रहे हैं। उप्र, मप्र,असम, ओड़ीशा, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर,उत्तराखंड व राजस्थान जैसे राज्यों में उपलब्ध स्कूलों की संख्या नामांकित छात्रों के प्रतिशत से अधिक है, जिसका अर्थ है कि उपलब्ध स्कूलों का कम उपयोग हो रहा है। शिक्षा तक सभी की पहुंच समाज और देश के विकास और प्रगति के लिए अनिवार्य है। लेकिन इस दिशा में काफी काम करने की जरूरत है। अभी तक हम चुनौतियों से पार नहीं पा सके हैं। कई परिवार, विशेष रूप से गरीबी में रहने वाले परिवार, अपने बच्चों के योगदान पर निर्भर रहते हैं। बाल श्रम न केवल उन्हें शिक्षा के अपने अधिकार से वंचित करता है बल्कि उन्हें संभावित शोषण और स्वास्थ्य जोखिमों के लिए भी उजागर करता है। दूसरा है, बाल विवाह। कम उम्र में विवाह, खास तौर पर लड़कियों के लिए, स्कूल छोड़ने की दर में अहम योगदान देता है। इसके अलावा, आकर्षक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी भी छात्रों की प्रतिबद्धता को कम कर सकती है। भारत में स्कूल छोड़ने के पीछे लैंगिक असमानता एक और बड़ी वजह है। सुरक्षा संबंधी चिंताएं, घरेलू जिम्मेदारियों और सामाजिक मानदंड अक्सर लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने से रोकते हैं। कुपोषण और पुरानी बीमारियों सहित स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं, स्कूल छोड़ने वालों में योगदान करती हैं। माता-पिता की भागीदारी बच्चे की शैक्षिक सफलता में एक बड़ी भूमिका निभाती है। सवाल है कि कैसे सुधार हो। सरकार को प्रारंभिक बचपन शिक्षा कार्यक्रमों को प्राथमिकता देनी चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा बच्चों के लिए जरूरी है। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निवेश करके प्रभावी शिक्षण देने के लिए कौशल और ज्ञान की गारंटी सुनिश्चित की जा सकती है। परामर्श केंद्र स्थापित किए जा सकते हैं। कई बच्चे, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण स्कूल छोड़ देते हैं। बच्चों की समस्या को हल करने में समुदाय और अभिभावकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। नियमित स्वास्थ्य जांच और मध्याह्न भोजन योजनाओं सहित स्कूल स्वास्थ्य और पोषण कार्यक्रम चलाए जा सकते हैं। बाल श्रम के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता अभियान चलाए जा सकते हैं। कुल मिलाकर सरकार को कई स्तरों पर एक साथ प्रयास करना होगा, क्योंकि शिक्षा की यह स्थिति प्रशासनिक,सामाजिक और आर्थिक मोर्चे पर काम की जरूरत बता रही है। भारत को शत प्रतिशत साक्षर और समर्थ बनाने के काम को हर सरकार को हर बार अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखना होगा,तभी बात बनेगी। वरना स्कूल चलें हम नारे की संपूर्णता नजर नहीं आएगी।

**भगवान मूर्तियों में मौजूद नहीं है। आपकी भावनाएं ही आपका भगवान हैं। आत्मा तुम्हारा मंदिर है।**

**-चाणक्य**

## आज का इतिहास

- 1999- इंडोनेशियाई जेल से 283 क़ैदी फ़रार।
- 1998- बैंकॉक में 13वें एशियाई खेलों की शुरुआत, इटली को हराकर स्वीडन लगातार दूसरी बार डेविस कप विजेता बना।
- 1997- क्योटो (जापान) में अंतरराष्ट्रीय जलवायु सम्मेलन प्रारम्भ।
- 1992- अयोध्या का विवादित बाबरी मस्जिद ढांचा गिराया गया।
- 1990- युद्ध टालने के प्रयासों के तहत इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन ने इराक और कुवैत में बंधक बनाये गये सभी विदेशी बंधकों की रिहाई का आदेश दिया।
- 1983- इजरायल की राजधानी यरुशलम में बस धमाके में छह नागरिकों की मौत।
- 1978- यूरोपीय देश स्पेन में संविधान को अंगीकार किया गया।
- 1946- होमगार्ड संगठन की स्थापना की गई।
- 1926- फ़िराक़ गोरखपुरी अपने साहित्यिक जीवन के आरंभिक समय में ब्रिटिश सरकार के राजनीतिक बंदी बनाए गए थे।
- 1917- फिनलैंड ने रूस से स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1907- भारत के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित डकैती की पहली घटना चिंगरीपोटा रेलवे स्टेशन पर हुई।
- 1998- कपिल देव द्विवेदी- वेद,वेदांग,संस्कृत,व्याकरण एवं भाषा विज्ञान के अप्रतिम विद्वान थे का जन्म।
- 1947- प्रवीण कुमार सोबती- भारतीय फ़िल्म तथा छोटे परदे के अभिनेता थे।
- 1896- बृजलाल वियाणी- मध्य प्रदेश के प्रमुख सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्त्ता थे।
- 2015- डॉ. ब्रह्मदेव शर्मा- भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस)के अधिकारी थे।
- 2015- राम मोहन - प्रसिद्ध भारतीय चरित्र अभिनेता।
- 2009- बीना राय- हिन्दी फ़िल्मों की अभिनेत्री थीं
- 1998- मेजर होशियार सिंह- परमवीर चक्र सम्मानित सैनिक।
- 1986- भगवान सहाय- जम्मू और कश्मीर के दूसरे राज्यपाल थे।

## निशाना

### है अंदर ये रार !



-कृष्णेन्द्र राय

**कौन बनेगा दूल्हा ?**
**है अंदर ये रार ।।**
**अंदरखाने लगता है ।**
**हैं सब खबरदार ।।**
**आई बात निकल कर ।**
**किसको ये सौगात ?**
**शुरू हुआ है मंथन ।**
**सब लगे दिन रात ।।**
**वर्तमान में लेकिन ।**
**है बदला व्यवहार ।।**
**धीरे धीरे बैठकें भी ।**
**हैं लेनी आकार ।।**
**रुठना मनाना भी ।**
**चले शायद खेल ।।**
**आ रहा शिगूफा ।**
**खा रहा सब मेल ।**

# अमेरिकी नीतियों से यूरोपीय बेचैनी की तार्किकता

■ मनीष तिवारी

अगरतला स्थित इस महीने की शुरुआत में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के 61वें संस्करण में अमेरिका के नवनियुक्त उपराष्टपति जेम्स डेविड वेंस द्वारा यूरोपियनों को लगाई मौखिक फटकार से यदि उन्हें सदमा न भी लगा हो तो भी हक्के-बक्के तो हुए ही हैं। वेंस ने लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति यूरोपीय लोगों की मौलिक प्रतिबद्धता पर सवाल उठाया, जिसको लेकर उनका तर्क था कि यह अमेरिका-यूरोपीय सहयोग तंत्र की नींव है। भाषण खत्म होते-होते होटल बेयरिशर हॉफ के सम्मेलन कक्ष के फर्श पर यूरोपियन रणनीतिक सिराज बिखर चुका था। यूरोप में चल रहे वर्तमान खेल के बारे में वेंस द्वारा की गई कटु आलोचना पर यूरोप के कुछ नेताओं ने तगड़ी असहमति जताई।सवाल है कि यूरोपीय लोग हक्के-बक्के क्यों हुए, तो इसके लिए यूरोप के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के व्यवहार के पिछले सौ सालों का इतिहास को बांचना पड़ेगा, जो बताता है कि अमेरिका ने सदा अपने 'निज हित' में काम किया है, जिसे वह अपनी सुविधा के अनुसार जब चाहे 'अमेरिकी अपवाद-वाद' के रूप में वर्णित करता है।



प्रथम विश्व युद्ध 28 जुलाई, 1914 को शुरू हुआ था, जिसकी शुरुआत ऑस्ट्रो-हंगेरियन साम्राज्य के युवराज आर्कड्यूक फ्रांज़ फर्डिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की हत्या से हुई थी, जो एक बोस्नियाई सर्ब व्यक्ति द्वारा की गई थी। हालांकि, यह एक यूरोपीय युद्ध था, जिसमें ब्रिटेन, फ्रांस और रूस का ट्रिपल एंटेंटे नामक गठजोड़ ऑस्ट्रिया-हंगरी, जर्मनी और इटली वाले ट्रिपल एलायंस से लड़ा, और पहले वाले गुट ने अमेरिकियों को अपना साथ देने का अनुरोध किया। जैक सोनियन विचारधारा वाले सीनेटरों द्वारा अड़ंगा लगाने से राष्टपति वुडरो विल्सन के नेतृत्व वाले संयुक्त राज्य अमेरिका ने इसे यूरोपीय राजशाहियों के बीच युद्ध मानकर पहले इसका हिस्सा बनने से इनकार कर दिया था। लेकिन इसके केवल ढाई साल बाद, 7 अप्रैल, 1917 को, संयुक्त राज्य अमेरिका ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी, क्योंकि जर्मनों ने उत्तरी अटलांटिक महासागर में अपने अप्रतिबंधित पनडुब्बी युद्ध का दायरा बढ़ा दिया, जिससे अमेरिकियों को भारी जानी-माली नुकसान हो रहा था।

इसमें एक अतिरिक्त उत्प्रेरक रहा, तत्कालीन जर्मन विदेश मंत्री आर्थर ज़िमरमैन द्वारा प्रेषित एक संदेश, जिसे बाद में कुख्यात 'ज़िमरमैन टेलीग्राम' का नाम मिला। इसमें मैक्सिकन सरकार से वादा किया गया कि जर्मनी मैक्सिको को वह क्षेत्र वापस पाने में मदद करेगा, जो वह 1846-1848 के मैक्सिकन-अमेरिकी युद्ध के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका को हार चुका था। इस सहायता के बदले में, जर्मनी ने युद्ध में मैक्सिको का समर्थन मांगा। यह कहना राष्टपति जेम्स मोनरो और उनके विदेश मंत्री जॉन क्विंसी एडम्स द्वारा परिकल्पित उस 'मोनरो सिद्धांत' से सीधा टकराव था, जिसे 2 दिसंबर, 1823 को अमेरिकी संसद को मोनरो के संबोधन के दौरान व्यक्त किया गया था। इसमें कहा गया कि पश्चिमी गोलार्ध का इलाका, खासकर अमेरिकी महाद्वीप की तरफ, संयुक्त राज्य अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र है और यूरोपियनों को हमारे इस विशेषाधिकार वाले क्षेत्र में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। इस प्रकार, जब केवल अपने हितों पर खतरा बनता देखा, तभी संयुक्त राज्य अमेरिका यूरोपीय युद्ध में दाखिल हुआ। लीग ऑफ नेशन्स में 28 जून 1919 को राष्टपति विल्सन की पहलकदमी से बनी 'वर्सायलेस की संधि' टूट गई, जब फरवरी 1933 में जापानियों ने किनारा कर लिया और इसके आठ महीने बाद जर्मनी भी पीछे हट गया, तब संयुक्त राज्य अमेरिका एक बार फिर से अलग-थलग पड़ गया, जबकि एडोल्फ हिटलर और उसके नाज़ियों ने 1938 के बाद से यूरोप के इलाके और देशों को हड़पते गए, जिसकी शुरुआत उसी वर्ष मार्च में ऑस्ट्रिया का एंस्क्लस कब्जाने से हुई। यहां तक कि जब 1940 के मई से नवंबर माह के बीच ग्रेट ब्रिटेन अपने सबसे बुरे वक्त में अकेला खड़ा था, तब भी राष्टपति रूजवेल्ट ने 1939 के तटस्थता अधिनियम और 1934 के जॉनसन अधिनियम का हवाला देते हुए उसकी मदद करने में अपनी असमर्थता व्यक्त की थी। हालांकि बाद में कुछ नवीन तरीके खोजे गए, जब द्वितीय विश्व युद्ध में संयुक्त राज्य अमेरिका को औपचारिक रूप से प्रवेश 7 दिसंबर, 1941 को पर्ल हार्बर पर हुए जापानी हमले के बाद करना पड़ा। जापान के खिलाफ युद्ध शुरू करने की घोषणा 8 दिसंबर 1941 को ही की गई थी। तीन दिन बाद जब जर्मनी और इटली ने भी 11 दिसंबर 1941 को अमेरिका के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी, तब जाकर इसने भी जवाबी ऐलान किया। निष्कर्ष यह है, बहुत संभव है कि जब यूरोप गेस्टापो और शुट्ज़स्टाफेल के गुंडों के अधीन कराह रहा था, तब भी अमेरिका ने तटस्थता बनाए रखी होती अगर जापानियों ने उसपर हमला न किया होता। आगे कुछ दशकों बाद, एक दशक तक चली लड़ाई के बाद, अमेरिका को 30 अप्रैल, 1975 को वियतनाम से वापसी करनी पड़ी, एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक खर्च होने और 58,000 से अधिक का जानी नुकसान करवाने के बाद उसने दक्षिण वियतनाम में अपना सैन्य अभियान समाप्त किया। यह एक और उदाहरण है कि कैसे बदला हुए घरेलू माहौल इसकी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर भारी पड़ा। वहां इस लड़ाई में अमेरिका का साथ देने वाले दक्षिण वियतनामी लोगों में अधिकांश को उत्तरी वियतनामी 'साथियों' के रहमो-करम पर छोड़कर वे निकल आए।

इसी प्रकार, इस झूठे आधार पर कि इराक के पास सामूहिक विनाश के हथियार हैं, नौ साल वहां युद्ध चलाने के बाद 18 दिसंबर 2011 को अमेरिका उस देश से बाहर निकला। इसके तुरंत बाद इराक और सीरिया के इलाके में इस्लामिक स्टेट या आईएसआईएस का उदय हुआ। इराक का युद्ध, जिसमें दस लाख अमेरिकी फौजी सैन्य अभियान का हिस्सा थे, इससे अमेरिकी खजाने को 2.9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की चपत लगी और कुल 4,61,000 लोग मारे गए। दो दशक बाद भी यह स्पष्ट नहीं है कि उस हस्तक्षेप की असल वजह क्या थी? इसी तरह अगस्त, 2021 में अफ़गानिस्तान से अमेरिका की वापसी हुई और वह देश उसी तालिबान को सौंप दिया, जिसको उसने 2001 में खदेड़ा था। यह दो दशकों तक वहां किए निवेश की बर्बादी थी जिसके जरिये लोकतांत्रिक मूल्यों व मानवाधिकारों की रक्षा का लक्ष्य था। यह पलायन भी अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर भारी पड़े घरेलू एजेंडे का नवीनतम उदाहरण था। अफ़गान युद्ध में अमेरिका को 2.313 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ और कुल 2,43,000 लोग मारे गए।

अब जबकि डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के मामले में अपना रुख पूरी तरह बदल लिया है, तो यूरोपियन क्योंकर अपने छद्म आक्रोश में उद्वेलित हों। सदियों तक खुद साम्राज्यवादी रहने और लड़ाई के आदी होने के कारण उन्हें यह अच्छी तरह पता होना चाहिए था कि किसी और के बंदरगाह में जबरदस्ती डाला आपका लंगर सुरक्षित नहीं रह सकता। समय आ गया है कि यूरोपियन अपनी सुरक्षा संरचना खुद तैयार करें और इसके लिए कार्डिनल रिचेल्यू कीरायसन डी'एटैट नामक समझदारी भरी चेतावनी सूक्ति को याद रखें 'प्रत्येक राष्ट के लिए अपने राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होते हैं और वह उनके लिये कार्य करता है', और साथ ही उन्हें ह्यूगो ग्रोटियस के दिए 'शक्ति का संतुलन बुद्धिमत्ता से' वाले सिद्धांत को भी याद रखना चाहिए।अंतर्राष्ट्रीय संबंधों के सिद्धांत और व्यवहार में, राष्ट्रों के निजी हित सदा गठबंधनों पर हावी रहे हैं क्योंकि हित स्थायी होते हैं जबकि सहयोगी वक्ती तौर पर सही, फिर भी अस्थाई होते हैं।

**(साभार: लेखक सांसद और पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री हैं।)**

# मोदी का मोटापामुक्त भारत, स्वास्थ्य-क्रांति का आधार

■ ललित गर्ग

न्याय किसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने शासन में भारतीय लोगों के स्वास्थ्य को लेकर निरन्तर कदम उठाते हुए स्वस्थ भारत निर्मित करने के उपक्रम किये हैं। विकसित भारत-नये भारत-सशक्त भारत का आधार स्वस्थ भारत ही है। मोदी युग ने स्वास्थ्य के प्रति भारत के दृष्टिकोण में एक महत्वपूर्ण मोड़ को चिह्नित करते हुए मोटापे से जुड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों को संबोधित करने और मोटापे को नियंत्रित पर अधिक ध्यान दिया गया। मोदी ने मोटापे के खिलाफ एक राष्ट्व्यापी अभियान शुरू किया है, जिसमें भारतीयों से अपने खाना पकाने के तेल की खपत को कम करने का आग्रह किया। मोटापा कई जीवनशैली से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, जैसे दिल की बीमारी, टाइप 2 डायबिटीज, स्ट्रोक, सांस लेने में समस्याएं और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं जैसे चिंता, तनाव और अवसाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 फरवरी को मन की बात के 119वें एपिसोड में हेल्थ का जिक्र करते हुए कहा था, एक फिट और स्वस्थ भारत बनने के लिए हमें ओबेसिटी (मोटापा) की समस्या से निपटना ही होगा। एक स्टडी के मुताबिक, आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते सालों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं, लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। मोटापे को नियंत्रित करने की मुहिम एक सामयिक एवं सराहनीय कदम होने के साथ स्वास्थ्य-क्रांति का आधार है। प्रधानमंत्री ने सेहत के प्रति जागरूकता लाने और इस क्रम में मोटापे से लड़ने के लिए अपने-अपने क्षेत्र के दस जाने-माने लोगों को नामांकित कर यही रेखांकित किया कि इस समस्या की गंभीरता को समझने एवं समय रहते इसको नियंत्रित करने की अपेक्षा है। उन्होंने आनंद महिंद्रा, दिनेश लाल यादव निरहुआ, मनु भाकर, मीराबाई चानू, मोहनलाल, नंदन नीलेकणि, उमर अब्दुल्ला, आर. माधवन, श्रेया घोषाल, सुधा मूर्ति को नामांकित करते हुए यह अपेक्षा जताई कि ये सभी मोटापे के खिलाफ क्रांति की अलख जगाने के साथ खाद्य तेल की खपत कम करने के लिए लोगों में जागरूकता पैदा करेंगे। प्रधानमंत्री ने इन लब्ध प्रतिष्ठित हस्तियों से दस-दस और लोगों को इसी अभियान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नामांकित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री की यह पहल कुछ वैसी ही है, जैसी उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान को प्रारंभ करते समय की थी। मोदी की मोटापे नियंत्रण से जुड़ी इस जनोपयोगी पहल से देश मे मोटापे के प्रति चेतना जाग्रत होगी और लोग मोटापे को नियंत्रित करने में सफल होंगे। मोटापा वर्तमान युग की एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या एवं एक दीर्घकालिक बीमारी है, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं एवं असाध्य बीमारियों का कारण बन सकती है और आपके जीवन को छोटा कर सकती है। दुनिया भर में मोटापे के शिकार एक अरब से ज्यादा लोगों में 88 करोड़ लोग वयस्क हैं जबकि 15 करोड़ 90 लाख बच्चे हैं। महिलाओं में मोटापा बढ़ने की सबसे तेज़ गति देखने को मिल रही है। आज मोटापा समस्या नहीं महामारी बन गया है। मोटापे ने महामारी का ऐसा रूप धारण किया कि इसने भुखमरी को भी पीछे छोड़ दिया है। भूखमरी से जितनी मौतें होती हैं उससे कई ज्यादा मौतों की वजह अब मोटापा बन गया है। यूएन रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में 5 से 9 साल के बीच के 13.1 करोड़ बच्चे, किशोरावस्था वाले 20.7 करोड़ और 200 करोड़ वयस्क लोग मोटापे के शिकार है। अच्छी सेहत के बिना जीवन का कोई महत्व नहीं है, सेहत ठीक नहीं होगी तो व्यक्ति दुखी, तनावग्रस्त और रोगी बना रहता है। सेहत ही सबसे बड़ा धन है। ये बात जो लोग समझते हैं, वे अपनी सेहत के लिए बहुत सतर्क रहते हैं। अच्छे स्वास्थ्य की सबसे बड़ी बाधा मोटापा है, जब कोई व्यक्ति ऊर्जा के रूप में उपयोग की




जाने वाली कैलोरी से अधिक कैलोरी का उपभोग करता है, तो उसका शरीर अतिरिक्त कैलोरी को वसा के रूप में संग्रहीत कर लेता है। इसी से मोटापा पनपता है। शारीरिक श्रम की कमी पेट पर मोटापा जमा होने का एक प्रमुख कारण है। आजकल की जीवनशैली में अधिकतर लोग 9-10 घंटों तक एक जगह बैठकर काम करते हैं और शारीरिक गतिविधि न के बराबर करते हैं। इससे शरीर में जमा हुई अतिरिक्त कैलोरी को बर्न करने में कठिनाई होती है और ये कैलोरी मोटापे के रूप में बदल जाती है। तनाव और नींद की कमी भी मोटापा बढ़ाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। जब हम तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल का स्तर बढ़ता है, जो पेट के आसपास चर्बी जमा करने का काम करता है। नींद की कमी से मेटाबोलिज्म पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है और शरीर अधिक चर्बी जमा करने के लिए प्रेरित होता है। इसके अलावा, कुछ खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल और पेय पदार्थ-विशेषकर वे जिनमें वसा और शर्करा की मात्रा अधिक होती है-वजन बढ़ने की अधिक संभावना रखते हैं। लोगों में मोटापा बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें अति भोजन, अहितकर भोजन और प्रतिकूल भोजन के अलावा व्यायाम की कमी और तनाव शामिल हैं। पोषण में सुधार, गतिविधि बढ़ाने और जीवनशैली में अन्य बदलाव करने से लोगों के मोटापे को कम करने में मदद मिल सकती है। मोदी की पहल से मोटापा नियंत्रित करने के अनुकूल परिणाम तभी सामने आ सकते है, इसमें वांछित सफलता तभी संभव है, जब आम लोग यह समझेंगे कि स्वस्थ जीवनशैली उन्नत राष्ट ही नहीं, उन्नत स्वास्थ्य का आधार है। आज की सुविधा एवं भौतिकतापूर्ण जीवनशैली मोटापा बढ़ाने का काम कर रही है। अब लोग उतना शारीरिक श्रम नहीं करते, जितना पहले अपनी सामान्य दिनचर्या के तहत किया करते थे। मोटापे को नियंत्रित करने में योग, ध्यान, प्रातःभ्रमण एवं व्यायाम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। किसी विचारक ने लिखा भी है कि मनुष्य के सबसे बड़े चिकित्सक हैं- शांति, प्रसन्नता और खुराक।' यह हकीकत है कि लोग यदि खानपान में संयम एवं सतर्कता बरतें, शारीरिक सक्रियता बढ़ाएं और योग-व्यायाम को जीवन का हिस्सा बना लें तो मोटापे को भगा सकते हैं। मोटापे अनेक बीमारियों का घर है, जो केवल कार्यक्षमता को कम करने का ही काम नहीं करता, बल्कि स्वास्थ्य पर खर्च भी बढ़ाता है। जीवन को जटिल एवं अस्तव्यस्त बना देता है। निरोगी लोग किसी भी देश के लिए एक बड़ी पूंजी होते हैं। जब शरीर स्वस्थ रहता है तो लोग मानसिक एवं भावनात्मक रूप से भी स्वस्थ रहते हैं और वे अपना काम कहीं अधिक तत्परता एवं निपुणता से करते हैं। इसका लाभ केवल उन्हें ही नहीं, बल्कि परिवार, समाज और देश को भी मिलता है। यही सशक्त एवं विकसित भारत का आधार भी है। यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वस्थ जीवन शैली की जरूरत को समझा, लेकिन इसके लिए जागरूकता अभियान छेड़ने के साथ ही मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री की बिक्री रोकने के लिए भी कुछ करना होगा। मोदी की यह पहल जहां स्वास्थ्य क्रांति का माध्यम बनेगी, वहीं मिलावट नियंत्रण के प्रति भी जागरूकता पैदा करेंगी। यह किसी से छिपा नहीं कि अपने देश में बड़े पैमाने पर मिलावटी और दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री बनती एवं बिकती है। इसमें एक बड़ा हिस्सा उस खाद्य सामग्री का होता है, जो सड़क किनारे की दुकानों पर मिलती है। इस सामग्री में केवल खाद्य तेल की मात्रा ही अधिक नहीं होती, बल्कि वह मिलावटी भी होता है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी के चलते दोयम दर्जे की खाद्य सामग्री घरों में भी इस्तेमाल होती है। इनमें खाद्य तेल एवं घी प्रमुख है। आज जब बाजार का खाना खाने का चलन बढ़ रहा है, तब सरकार को यह सुनिश्चित करना ही चाहिए कि उसकी शुद्धता एवं गुणवत्ता से कोई समझौता न होने पाए। इसी अभिक्रम से भारत का जन-जन स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ भावनाओं का अखूट वैभव लिये शक्ति, स्फूर्ति, शांति, आनन्द एवं शारीरिक संतुलन से भरपूर दिव्य जीवन की यात्रा के लिये प्रस्थित हो सकता है। इससे हम मोटापा-मुक्त स्वस्थ भारत के संकल्प को हकीकत बना सकते हैं। स्वस्थ भारत का यह संकल्प ही कालांतर विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में मददगार हो सकता है।

# शिव बारात में उमड़ा जनसैलाब : बारात पर फूल बरसा कर किया भोलेनाथ का स्वागत

**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

महाशिवरात्रि पर्व पर तेन्दूखेड़ा नगर में भगवान महादेव की भक्ति में डूबा हुआ नजर आया है सुबह से ही शिव मंदिरों में जल अर्पित करने के लिए कतारें लगी रहीं तो वहीं घरों में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर रुद्राभिषेक किया गया दिनभर हर हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे वहीं नगर के थाना प्रांगण में स्थित पीपलेश्वर सिद्ध महादेव मंदिर में धूम धाम से डीजे गाजे बाजे के साथ भगवान भूतभावन भोलेनाथ की बारात निकाली गई जिसमें नगर सहित क्षेत्र की बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर में पहला इतिहास है कि भगवान भोले नाथ की इतनी भव्य बारात व शोभायात्रा निकाली गई है। जिसमें घोड़ों पर धर्म ध्वाजा लेकर चल रहे थे। साथ ही चांदी की पालकी में भगवान भोले नाथ की बारात चल रही



थी। इसके अलावा बाहर से आए कलाकरो के द्वारा भोलेनाथ एवं पार्वती का रूप धारण कर भोलेनाथ के गीते पर नॉचते चल रहे थे। साथ ही बग्गियों पर भगवान भोले नाथ की सुंदर झाकियां सजाई गई थी। इसके अलावा बजरंग अखाड़ो के कलाकारो के द्वारा हेरत अंगेज करतब दिखाए जा रहे थे। साथ ही सडको पर सुंदर रंगोलियां सजाई गई थी। जगह जगह श्रद्धालूओ के द्वारा बरातियों पर फूलो की बरसात की गई थी इसके अलावा जगह जगह फटाखे फोड़कर बारात का स्वागत किया गया। लगभग एक किलोमीटर लम्बी बारात थी जिसमें हजारो की संख्या में बाराती मौजूद थे। हालकि नगर के सभी शिवालयों में सुबह पूजन रूद्रा महाभिषेक एवं आरती की गई। इसके अलावा नगर में अनेक स्थानो पर भोलेनाथ की बारात निकालकर भोलेनाथ का विवाह रचाया गया।

इसके पहले पीपलेश्वर मंदिर में प्रातः बेला से ही मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा थी। उल्लास के साथ मनाया गया। पूरी रात भगवान पीपलेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक किया गया इसके बाद गुरूवार को भी प्रातः हवन पूजन किया गया प्रत्येक बर्ष के आयोजन से इस वर्ष का शिवरात्रि का यह कार्यक्रम और भी भव्य और दिव्य रहा जिसमे नगर सहित क्षेत्र से हजारो की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इसके अलावा नगर के पंचवटी सिद्धधाम में सुबह से भगवान भोलेनाथ का रूदाभिषेक किया गया।

## उपार्जन समिति की बैठक सम्पन्न

# उपार्जन केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं: कलेक्टर



- **गोदाम का सत्यापन आगामी एक सप्ताह में सुनिश्चित करे जिला उपार्जन समिति**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम.आगामी रबी विपणन वर्ष के लिए जिले में गेहूं एवं चने के उपार्जन के लिए जिला उपार्जन समिति की बैठक कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी उपार्जन कार्यों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अगले एक सप्ताह के भीतर सभी गोदामों का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए समस्त अनुविभागों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के साथ टीमें गठित कर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कराई जाए।

कलेक्टर सुश्री मीना ने उपखंड स्तरीय समिति, समिति प्रबंधकों एवं सर्वेर्स का प्रशिक्षण शीघ्र आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही, उपार्जन में शामिल एजेंसियों का समयानुसार निर्धारण करने पर भी जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी उपार्जन केंद्र पर बारदाने की कमी नहीं होनी चाहिए, तथा पंखा, छन्ना, मॉइश्चर मीटर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने बैठने की उचित व्यवस्था, छाया, पेयजल एवं शौचालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर सुश्री मीना ने निर्देशित किया कि फलों, दलहन और तिलहन फसलों की गिरदावरी कार्यवाही भी शासन के निर्देशानुसार कराई जाए।

बैठक के दौरान अप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ, जिला आपूर्ति नियंत्रक सहित उपार्जन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# सामाजिक संगठन समाज उत्थान के लिए कार्य करें : प्रसन्न हरणे

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद नर्मदापुरम द्वारा समृद्धि योजना 2024-25 के अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हैप्पी मैरिज गार्डन नर्मदापुरम में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू महेंद्र यादव नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम, जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, भाजपा वरिष्ठ नेता प्रसन्ना हर्णे, जनपद सदस्य कैसला सुखराम कुमरे द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्मलित कर प्रशिक्षण को प्रारंभ कर किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती नीतू यादव ने प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए कहा कि आज कई सामाजिक संस्थाऐं है, जो महिला सशक्तिकरण के साथ उन्हें रोजगार से जोड़ने में सहयोग कर आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं। प्रसन्ना हर्णे द्वारा शासन के विभिन्न परियोजनाओं में स्वयंसेवी संगठनों की भूमिका विषय पर प्रकाश डाला, जिसमें समाज में सामाजिक संगठन अच्छे से अच्छे सेवा कार्य करें, जिससे समाज का उत्थान हो। अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव, कैसला जनपद सदस्य सुखराम



कुमरे ने भी अपना उद्बोधन दिए।

बनखेड़ी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मुकेश सोलंकी ने द्वितीय सत्र में स्वैच्छिक संगठनों को फर्म एंड सोसाइटी रजिस्ट्रेशन करना, सीएसआर फंड, 12 ए, 80 जी में रजिस्ट्रेशन करने की सम्पूर्ण जानकारी दी। वेंकटेश चिमानियां ने सीएसआर फंड की विस्तृत जानकारी एवं समस्याओं का समाधान बताया। संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी ने आदर्श ग्राम की अवधारणा के विषय में कहा कि मुख्य रूप से ग्रामीण कृषि पर आश्रित होते है, उन्नत खेती के साथ जैविक खेती कर, स्वास्थ्य वर्धक अनाज का उत्पादन, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के युवक युवतियों को कैसे तकनीकी, कौशल विकास प्रशिक्षण, प्राप्त कर उन्हें अपना स्वरोजगार स्थापित करने में किस प्रकार से सहयोग दे एवं प्रदेश का हर एक ग्राम एवं शहरी वार्ड आदर्श वार्ड आदर्श ग्राम बनकर सामने आए।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद टास्क मैनेजर सैयद शाकिर अली जाफरी ने बताया कि जन अभियान परिषद का गठन का उद्देश्य समग्र सतत विकास है आज हम समग्र विकास के विभिन्न आयामों को लेकर निरंतर वर्ष 2007-08 से संपूर्ण मध्य प्रदेश में कार्य कर रहे हैं आज हमारी लगभग प्रदेश में 24000 से ज्यादा प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं, नर्मदापुरम जिले में भी तकरीबन 765 से ज्यादा ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियां कार्य कर रही हैं।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा वर्ष 2015-16 से महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के माध्यम से बीयसडब्लू, एम एस डब्ल्यू का पाठ्यक्रम विभिन्न मॉड्यूल के माध्यम से युवाओं को समाजसेवी पर्यावरण चिंतक और ग्रामीण विकास के सपना को पूर्ण करने के लिए प्रशिक्षित करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जन अभियान परिषद का सदैव उद्देश्य रहा है कि ग्रामीण भारत भी हमारा एक आदर्श भारत बने। मेंटर श्रीमती नेहा तिवारी ने स्वैच्छिक संगठन प्रबंधन विषय पर अपने विचार रखें।

कार्यक्रम का संचालन आनंद नामदेव द्वारा किया गया और आभार प्रदर्शन जिला समन्वयक पवन सहगल द्वारा किया गया।

# शिव पार्वती की बनाई आकर्षक रंगोली



गंजबासौदा। राजेन्द्रनगर निवासी तखतसिंह सेन की सुपुत्री शिवानी सेन ने भगवान शिव और माता पार्वती के शुभ विवाह की आकर्षक रंगोली का चित्र बना कर सुंदर कला का प्रदर्शन किया। उल्लेखनीय है कि शिवानी पूर्व में भी कई रंगोली बना चुकी है। जिसमें रामनवमी के अवसर पर गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर के बाहर श्रीराम की मनमोहक रंगोली को बनाया था। जिसे देखकर नागरिकों ने शिवानी की बनाई रंगोली की खूब प्रशंसा की थी।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के शिवम अहिरवार राज्य स्तरीय कैंप अमरकंटक में करेंगे सहभागिता



**तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सक्रिय स्वयंसेवक एवं अमर वीरांगना रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय, तेंदूखेड़ा के छात्र शिवम अहिरवार (पिता स्व. श्री गोपाल अहिरवार) महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, छतरपुर की ओर से राज्य स्तरीय शिविर अमरकंटक में सहभागिता करेंगे। यह कैंप 2 मार्च से 8 मार्च 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में विभिन्न सामाजिक गतिविधियों, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, स्वच्छता अभियान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन होगा। यह कैंप युवाओं को समाज सेवा के प्रति जागरूक करने और उनके समग्र विकास में सहायक होगा। शिवम अहिरवार की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं साथियों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना

# स्कीम के 10 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

'बेटी बचाओ बेटी पढाओ' योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया और सहायक संचालक व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में वन स्टाप सेन्टर द्वारा गुरूवार 27 फरवरी को शासकीय महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास नर्मदापुरम में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर द्वारा 181 महिला हेल्प लाइन, चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, और वन स्टाप सेन्टर की योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में छात्रावास की बालिकाओं को महामारी स्वच्छता एवं फायर सेफटी की जानकारी दी गई। परामर्शदात्री भागवती बिष्ट ने साइबर क्राइम की जानकारी दी। कार्यक्रम में वन स्टाप सेन्टर की केस वर्कर शिखा वर्मा, नेहा चण्डालिया, और पूजा खरवार उपस्थित रहीं। छात्रावास अधीक्षिका सीमा गौर ने आभार व्यक्त किया।

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुति, मिले पुरस्कार



**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

नेहरूचौक स्थित रतिचंद रामलाल सेवा समिति द्वारा संचालित राइजिंग पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। स्कूल संचालक गौरव समैया ने बताया कि वर्ष भर में पढ़ाई खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में जिन भी बच्चों ने भाग लिया उनमें से श्रेष्ठ आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। वार्षिक समारोह में ताराचंद जैन, शिखरचंद जैन,नीलेश चतुर्वेदी अध्यक्ष प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, पदमचंद जैन एडवोकेट, संजय समैया, जितेंद्र यादव, आशा जैन, स्वाति समैया, निकिता अग्रवाल मौजूद रहे।

## मेट्रो एंकर — नुक्कड़ नाटक, कठपुतली सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं की गई आयोजित



# जनपद पंचायत केसला में वाटर शेड यात्रा का आरंभ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत भारत सरकार भूमि संरक्षण विभाग एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान मेँ 24 फरवरी से 28 फरवरी तक 'वाटर शेड यात्रा ' का आयोजन ग्राम पंचायत दांडीवाड़ा, सिलवानी, भारगदा, चारटेकरा, कालाआखर मे किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत डांडीवाड़ा जनपद केसला मेँ 'वाटर शेड यात्रा' का आरंभ हुआ। जिसमें ग्रामीणों ने हजारों की संख्या मेँ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। वाटरशेड यात्रा का प्रमुख उद्देश्य वाटर शेड कार्यों मेँ ग्रामीणों की सहभागिता बढ़ाना है व जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों मेँ रूचि व ग्रामीण जागरूकता पैदा करना है।

### प्रतियोगिता के विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार प्रदान किए गए

इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम मेँ जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यो के प्रति रूचि बढ़ाने के लिए पानी की रैली, नुक्कड़ नाटक, कठ पुतली का आयोजन, निबंध लेखन, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता मेँ विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरुस्कार प्रदान किया। वाटरशेड योजना की तरफ से वाटरशेड कार्यों मेँ सहयोग करने के लिए उन्हे 'पथ प्रदर्शन - मार्गदर्शन के रूप मेँ सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम परियोजना क्षेत्र मेँ 260 लाख के जल संवर्धन व मृदा संरक्षण कार्यों का भूमि पूजन सिवनीमालवा विधायक प्रेमशंकर वर्मा के करकमलों से किया गया। कार्यक्रम मेँ श्रीमति राधाबाई सुधीर पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष जिला नर्मदापुरम, श्रीमति सीमा कासदे जिला पंचायत सदस्य, गंगाराम कलमे जनपद अध्यक्ष केसला, जय सोलंकी डिप्टी कलेक्टर सह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत केसला, समस्त अधिकारी, जनप्रतिनिधि व ग्राम सरपंच उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी को जल संवर्धन की शपथ दिलाई गई।

# सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों का तत्परता से निराकरण करें : कलेक्टर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**11 हजार से अधिक शिकायतों के निराकरण का लक्ष्य**

विदिशा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों तत्परता से विभागीय अधिकारी निराकरण किया जाना सुनिश्चित करें तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को फरवरी माह के अंत तक वित्त पोषण की तमाम कार्यवाही पूरी कर ली जाए। उक्त आशय का निर्देश कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने दिए हैं।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस एवं 100 दिवस की शिकायतों का निराकरण निर्धारित समय पर संतुष्टि पूर्वक किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अधिकारियों द्वारा शिकायतों के निराकरण के लिए पूर्वानुसार नवाचार कर जिले की रैंकिंग सूची प्रभावित ना हों।



गौरतलब हो कि सीएम हेल्पलाइन के तहत जिले में फरवरी माह व पचास दिवसों के आवेदनों की कुल संख्या 11 हजार 485 आवेदन लंबित है। जिसमें फरवरी माह के 5279 तथा पचास दिवस के 6206 शामिल हैं। सर्वाधिक आवेदन महिला एवं बाल विकास विभाग के 3903 आवेदन हैं।

### सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम

कलेक्टर श्री सिंह ने जिला मुख्यालय पर छह मार्च को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के सफल क्रियान्वयन की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिए हैं कि समय पर कार्यक्रम आयोजन स्थल पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएं। साथ ही यह भी निर्देश दिए हैं कि प्राप्त आवेदनों की पात्रता की जांच करें। किसी भी प्रकार का फर्जी आवेदन ना हो इसके लिए निकाय व जनपद पंचायत के अधिकारी प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर प्रतिवेदन दिया जाना सुनिश्चित करें।

### वित्त पोषण में बैंक पिछड़े ना

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने लीड बैंक आफीसर को निर्देश दिए हैं कि डीएलसीसी की बैठक के बाद हितग्राही मूलक योजनाओं में वित्त पोषण के मामलों में बैंक पिछड़े ना इसके लिए सतत मानीटरिंग कर लक्ष्यों की पूर्ति नियत समय सीमा हो की पहल में कहीं चूक ना हो।

कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को लक्ष्य के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को फरवरी मसांत तक लाभान्वित किया जाने के निर्देश देते हुए अग्रणी बैंक मैनेजर को इस आशय के निर्देश दिए हैं कि बैंकों में लंबित प्रकरणों का निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। जिन बैंकों के द्वारा लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण नहीं किया जा रहा है। उनके साथ समन्वय कर स्वीकृत प्रकरणों में वितरण करायें।

**श्रद्धालुओं ने किया महामृत्युंजय का जाप**

## महाशिवरात्रि पर दीप श्रृंखला से जगमगाया मुक्तिधाम



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

महाशिवरात्रि उत्सव में रात्रि में मोक्ष सेवा समिति ने मुक्तिधाम परिसर में नया प्रयोग हुआ समिति के सदस्यों के साथ नागरिकों ने मुक्तिधाम में पहुंचकर पूजा अर्चना की ध्यान भी किया दीप प्रज्वलित करने के लिए पांच दीपक लाने का भी आह्वान किया।

महाशिवरात्रि पर्व पर परिसर विशेष सजावट की दीपों की श्रृंखला से जगमगाया रात्रि में देवी देवताओं की पूजा अर्चना के बाद उपस्थित नागरिकों ने महामृत्युंजय मंत्र की ध्वनि पर ध्यान योग भी किया। नगर के अनेक मंदिरों के दर्शनों को निकले नागरिक गण पहली बार मरघट शाला परिसर में साज सजावट देखकर दर्शनों के लिए पहुंचे। इस मौके पर अनेक लोग अपने परिवार ओर बच्चों सहित परिसर में दर्शनों किए। समिति ने दीप श्रृंखला के अलावा परिसर को जगमग करने के लिए विद्युत सज्जा कराई जिससे समूचा परिसर रोशनी से जगमगा रहा था समिति के सदस्य रामप्रकाश साहू ने बताया कि दो वर्ष पूर्व विधायक उमाकांत शर्मा द के मार्गदर्शन में एक समिति के माध्यम से हमने मुक्तिधाम के स्वरूप को बदलने का प्रयास जनसहयोग से प्रारंभ किया था। शहर के सभी नागरिकों के सहयोग से आज हम यहां उत्सव मना रहें हैं। धीरे धीरे हम शहर के सभी मुक्तिधामों को विधायक के निर्देश पर जनसहयोग से व्यवस्थित करने का प्रयास कर रहें हैं।

## राष्ट्रीय विज्ञान पर्व का हुआ शुभारंभ

**विदिशा।** राजमाता विजया सिंधिया शासकीय कन्या अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉक्टर नीता पांडे की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती सुमन सोनी, विशेष अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल में कार्यरत प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर मनोज कुमार त्रिपाठी और प्रोफेसर केके पंजाबी की उपस्थिति में राष्ट्रीय विज्ञान पर्व 2025 का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम 25 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा।

## एसपी ने की नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** विदिशा पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना गंजबासौदा जिला विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपी की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी कराने में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए नगद इनाम देने की घोषणा की है। थाना बासौदा शहर में दर्ज अपराध प्रकरण क्रमांक 34/2025 का फरार आरोपी राजू रैकवार निवासी वार्ड नम्बर एक फ्रीगंज गंजबासौदा थाना बासौदा की सूचना देने अथवा गिरफ्तारी में मदद करने वाले के लिए तीन हजार रूपए का नगद इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाला व्यक्ति चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

**कलेक्टर की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न**

# हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के शुरुआत शासकीय कर्मचारियों से होगी : सिंह

**ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रालियों व लोडिंग वाहनो पर अंकुश लगाएं : एसपी**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आज सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें सड़क सुरक्षा को लेकर निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा कर दिशा-निर्देश दिए गए हैं। बैठक में जिले के चिन्हित ब्लैकस्पॉट, आवागमन स्थलों पर पार्किंग व्यवस्था एनएचएआई और एमपीआरडीसी की सड़कों पर साइनेज बोर्ड मार्किंग सहित शहर में अतिक्रमण को हटाए जाने के संबंध में अब तक क्या-क्या कार्यवाहियां की गई हैं पर चर्चा कर इन समस्त बिंदुओं पर कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए गए हैं। पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय पर भी चर्चा कर अब तक क्या-क्या कार्यवाही की गई है से भी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अवगत कराया।

इस बैठक में खास तौर से आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अनिवार्य रूप से लगाया जाए पर विशेष बल दिया गया है। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने वाहन चालक हेलमेट अवश्य लगाएं इसके लिए उन्होंने नवीन पहल करते हुए इसकी शुरुआत कलेक्ट्रेट सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारी स्वयं करें के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि शासकीय कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारी हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाएं ताकि जिले व शहर के नागरिकों में संदेश पहुंचे और वह भी इस पहल से प्रेरित होकर हेलमेट पहनकर वाहन चलाएं। उन्होंने यह भी कहा है कि अब से शासकीय कार्यालयों में पदस्थ अधिकारी, कर्मचारी हेलमेट पहनकर ही कार्यालय पहुंचे। अन्यथा 1 मार्च से हेलमेट नहीं पहनने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।



### सप्ताह में 3 दिन शहर का भ्रमण करें

कलेक्टर श्री सिंह ने विदिशा नगर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाए जाने की दृष्टि से नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया है कि शहर में यदि हम यातायात को सुगम कर दें तो लोग हमें याद रखेंगे। इसके लिए नियमित रूप से कार्यवाही करने की आवश्यकता है। उन्होंने नगर पालिका सीएमओ को निर्देशित किया है कि नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम सप्ताह में कम से कम तीन दिन शाम के समय शहर के मुख्य मार्गो का भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करें और अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही करें।

### क्षमता से अधिक भूसा लेकर परिवहन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही करें

कलेक्टर श्री सिंह ने विदिशा जिले के हाईवे और सड़कों पर भूसा लेकर चलने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर अंकुश लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जो ट्रैक्टर ट्रॉली या अन्य वाहन भूसा लेकर परिवहन करते हैं वह अपनी क्षमता से 20 गुना अधिक कैपेसिटी में भूसा लेकर जाते हैं जिससे रात्रि के समय दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। इस बिंदु को प्राथमिकता से दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने क्षमता से अधिक मात्रा में भूसा लेकर चलने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने नीमताल और बस स्टैंड क्षेत्र में बेतरतीब तरह से खड़े होने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने हेतु दिए गए निर्देशों के उपरांत संतोषजनक कार्य नहीं होने पर असंतोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में खड़े होने वाले वाहनों पर कार्यवाही करें रोका-टोकी करें ताकि आवागमन में सुविधा हो सके।

### वाहनों के मॉडिफाई साइलेंसरों पर कार्यवाही करें

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि वाहन चालकों की सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट अति आवश्यक है इसके लिए एक अभियान के रूप में इस कार्य की शुरुआत करें। साथ ही जन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर संदेशों का प्रसारण करें जन जागरूकता हेतु जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, सामाजिक, धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी और व्यापारियों से भी सहयोग लेकर यह कार्य क्रियान्वित करें। इसके अलावा उन्होंने शहर में वाहन चालकों द्वारा मॉडिफाई साइलेंसर से फैलाए जा रहे ध्वनि प्रदूषण व आम नागरिकों की परेशानी को देखते हुए मॉडिफाइ साइलेंसरों पर कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने कहा कि ट्रैक्टरों और लोडिंग वाहनों में अधिक संख्या में सवारी और ओवरलोड लेकर चलने वाले वाहनों पर भी अंकुश लगाया जाए स्कूल बसों का वेरिफिकेशन भी करने, ऑटो से स्कूल पहुंचने वाले बच्चों की सुरक्षा के लिए ऑटो पर जाली लगाने सहित अधिक संख्या में बच्चों को ऑटो में ना बैठाया जाए के संबंध में भी निर्देश दिए हैं।

बैठक में पांच चिन्हित ब्लैक स्पॉट पांझ सागर रोड 146, नया गोला पेट्रोल पंप गुरोद जोड़ एनएच 346, मढ़ीपुर सागर रोड एनएच 146, मेहलुआ चैराहा एनएच 346, कुआं खेड़ी सागर रोड एनएच 146 पर संकेतक बोर्ड लगाए जाने तथा मार्किंग की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जो पूर्ण कर ली गई है। संपूर्ण कार्य पूर्ण करने की जानकारी एनएचएआई के अधिकारी द्वारा बैठक में दी गई है।

इस दौरान बैठक में विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल कुमार सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य गण मौजूद रहे। समिति के सभी सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा निर्धारित एजेंडा बिंदुओं पर जानकारी ही नहीं थी बल्कि अपने-अपने सुझावों से भी अवगत कराया।

### इन बिंदुओं पर भी हुई चर्चा

रविंद्र भवन के सामने अतिक्रमण हटाने, नीमताल के पास खड़े वाहनों पर चलानी एवं एफ आईआर की कार्यवाही एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही, समस्त स्कूलों में चल रहे ऑटो रिक्शों में ओवरलोडिंग के संबंध में समस्त ऑटो रिक्शा चालकों की बैठक बुलाने ऑटो में जाली लगवाने, शहर में गोवंश हटाने की कार्यवाही करने पशुओं के सींगों पर रेडियम लगाए जाने, जिले के मुख्य मार्ग, अंधे मोड़ों एवं अन्य मार्गों की साइडों के पेड़ों पर रेडियम एवं रिफ्लेक्टर लगाए जाने, शहर के प्रमुख स्थलों बस स्टैंड, मुख्य बाजार पर पैड पार्किंग की व्यवस्था एवं नगर पालिका के दो कर्मचारियों की व्यवस्था हेतु ड्यूटी, दुर्गा नगर चैराहा एवं शहर के मुख्य चैराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगाकर मार्किंग एवं जेबरा क्रॉसिंग, शहर में ट्रांसपोर्ट नगर हेतु ग्राम सौंठिया में जमीन का प्रस्ताव दिया गया है अतः जमीन आवंटन के संबंध में बैठक एवं निरीक्षण का प्रतिवेदन, नगर वाहन सेवा हेतु समस्त मैजिक चालकों के साथ बैठक आयोजित करने एवं मैप बनाने, शहर अंतर्गत टू लाइन मार्गों के मध्य में डिवाइडर एवं ब्लिंकर लगाने, बासौदा शहर के मुख्य मार्ग में चैड़ीकरण का कार्य एवं पोल शिफ्टिंग का कार्य करने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई

## किसानों को रासायनिक खाद के दुष्प्रभावों से बचाकर जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित किया गया



**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेंदूखेड़ा ब्लॉक में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि अधिकारी प्रिया तिवारी ने अनेक ग्रामो का निरीक्षण किया। तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम इमलीडोल, नारगुवां और बादीपुरा पंचायत में यूएनडीपी के द्वारा टेरी की सहायता से जीवीएस जैविक पद्धति से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खाद के दुष्प्रभावों से बचाकर जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर प्रेरित करना है। इस परियोजना के तहत कृषि विस्तार अधिकारी प्रिया तिवारी ने इन गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने परंपरागत रासायनिक खाद युक्त खेती और प्राकृतिक खेती के बीच के अंतर का अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि प्राकृतिक खेती से तैयार फसलों की बाली की लंबाई, मोटाई और पौधों की वृद्धि में सकारात्मक अंतर नजर आ रहा है। प्राकृतिक खेती के लाभ, पौधों की लंबाई और मजबूती अधिक, बाली की लंबाई और मोटाई में सुधार, मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि, पर्यावरणीय संतुलन बना रहने की संभावना है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय किसानों को प्राकृतिक खेती के फायदों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इस पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस पहल से तेंदूखेड़ा क्षेत्र के किसान स्वस्थ और लाभदायक खेती की ओर अग्रसर होंगे।

## स्वैच्छिक रूप से किया सहयोग का आव्हान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा जिले के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं है, और वो संस्था, समुदाय परिवार के बीच में रह रहे हैं। उन सबकी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मददगारों से आह्वान किया गया है कि बच्चों को समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए आवश्यक सहायता तथा सहयोग प्रद कर इस मानवीय सरोकार के सहभागी बनें।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री भरत सिंह राजपूत ने विज्ञप्ति जारी कर आव्हान युक्त अपील की है। उन्होंने समाजों के जिम्मेदार और साधन सम्पन्न व्यक्तियों के साथ साथ प्रशासनिक, स्वास्थ्य, कानून और अन्य सबंधित क्षेत्रों के महत्वपूर्ण पदों पर आसीन है अथवा चाटर्ड अकाउंटेंट, डॉक्टर, वकील जैसे पेशेवर व्यवसायी अथवा जनप्रतिनिध या प्रतिष्ठित संगठन, संस्था के प्रतिनिधियों से निम्नानुसार स्वैच्छिक रूप से सहयोग करने हेतु अपील की गई है।

तदानुसार कौशल आधारित स्वयं सेवा शिक्षण, कौशल हेतु सहयोग परामर्श तथा विभिन्न शिविरों का आयोजन स्वास्थ्य शिविर, विधिक सलाह, बाल संरक्षण आदि और बाल देखरेख संस्थाओं में बच्चों हेतु दान एवं स्पान्सरशिप बाल देखरेख संस्थाओं को गोद लेने का कार्यक्रम, बाल देखरेख संस्थाओं में सामाजिक सहयोग हेतु अप्रत्यक्ष भागीदारी निभाकर इन बच्चों की मदद कर सकते हैं। गौरतलब हो कि जिले में संचालित संस्थाओं में निवासरत बच्चों एवं समुदाय में निवासरत ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता नहीं है और वो सस्था, समुदाय, परिवार के बीच में रह रहे हैं तथा ऐसे बच्चे जी 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर बाहर जाने वाले एवं ऑफ्टर केयर कार्यकम में शिक्षण, प्रशिक्षण प्राप्त कर बालक, बालिकाओं को उनकी शिक्षा, खेल सामग्री, स्टेशनरी, पुस्तकें, कौशल, कैरियर परामर्श और मार्गदर्शन प्लेसमेंट ऑनलाइन शिक्षण प्रशिक्षण आदि प्राप्त किये जाने के लिए मोबाइल, लैपटॉप, टेबलेट आदि जैसे उपकरण प्रदाय किये जाने एवं सस्था की आधारभूत सरचनाओं व बच्चों के सर्वोत्तम हित में उनके कल्याण एवं पुर्नवास हेतु सहायता प्रदाय करने के लिए शासन स्तर से निर्धारित, राज्य स्तर बैंक ऑफ महारष्ट्र के बचत बैंक खाता क्र. 60411029562 में किशोर न्याय निधि में स्वैच्छिक रूप से दान करने का आव्हान किया गया है।

## रमजान में सफाई एवं विद्युत व्यवस्था के लिए एसडीएम को दिया गया ज्ञापन



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मार्च में शुरू होने वाले रमजानों को लेकर मुस्लिम त्यौहार कमेटी , जिला वक्फ कमेटी एवं मुस्लिम महासभा ने संयुक्त रूप से अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चैधरी को ज्ञापन दिया जिसमें मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला उपाध्यक्ष हाफिज शम्स कमर, जिला वक्फ कमेटी सह सचिव डॉ रजी खांन, मुस्लिम महासभा जिला अध्यक्ष एडवोकेट शोएब खांन, मुस्लिम महासभा तहसील अध्यक्ष अल्ताफ खांन ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। इस दौरान रात्रि में विशेष नमाज भी पढ़ी जाती है।

नगर की मस्जिदों के आस पास विशेष सफाई कराई जाए साथ ही रात्रि में सहरई की जाती है और शाम को रोजा अवतार किया जाता है और तराबी की नमाज अदा होती है ऐसे समय विद्युत कटौती न की जाए ज्ञापन में कहा कि यदि विद्युत सप्लाई बंद की शिकायतें मिलती है तो उन पर तत्काल संज्ञान लिया जाए। नगर पालिका प्रशासन हर त्यौहार में अपनी अग्रेणी भूमिका निभाकर नगर को साफ स्वच्छ बनाए रखता है ऐसे में हम उम्मीद करते है कि पवित्र रमजान माह में भी संपूर्ण मस्जिदों के आसपास साफ होगी। रमजान को लेकर मुस्लिम समाज जनों के द्वारा भी तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है।

# चैंपियंस ट्रॉफी : आज आस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का मैच, जीतने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी

## अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया

**लाहौर , एजेंसी**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का दसवां मैच आज ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच खेला जाएगा। मुकाबला लाहौर के गद्दाफी क्रिकेट स्टेडियम में होगा। दोनों टीमों के दो-दो मैच हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया ने एक जीता और दूसरा मैच पानी में धुल गया। वहीं अफगानिस्तान को एक में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा। अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार आमने-सामने होंगे। दोनों के बीच ओवरऑल 4 वनडे खेले गए। सभी मैच ऑस्ट्रेलिया ने जीते। हालांकि, डार्क हॉर्स के टैग के साथ उतरी अफगान टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता। टीम ने अपने पिछले ही मैच में इंग्लैंड को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था। यह मैच जीतने वाली टीम ग्रुप-बी से सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लेगी। अफगानिस्तान टीम हारी तो टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, वहीं कंगारू टीम हारी तो उन्हें साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैच के नतीजे पर निर्भर रहना होगा। पिछली भिड़ंत में ऑस्ट्रेलिया से मैक्सवेल ने दोहरा शतक लगाया। आखरी बार ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भिड़े थे। इस मैच में 292 रन के टारगेट के सामने अफगानिस्तान ने कंगारुओं के 92 रन पर 7 विकेट गिरा दिए थे। फिर ग्लेन मैक्सवेल के दोहरे शतक के दम पर टीम ने 46.5 ओवर में 3 विकेट से जीत दर्ज कर ली थी। ऑलराउंडर मैक्सवेल ने मुकाबले में 128 बॉल पर नाबाद 201 रन की पारी खेली थी। वे वनडे में रन चेज करते हुए दोहरा शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। इसी मैच में मैक्सवेल ने पाकिस्तानी बल्लेबाज फखर जमान के 193 रन का रिकॉर्ड तोड़ा था। मैच 7 नवंबर 2023 को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुआ था। मैच में अफगानी ओपनर इब्राहिम जादरान ने भी 129 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेली थी। ग्लेन मैक्सवेल की यह फोटो 7 नवंबर 2023 की है, जब वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान का मुकाबला हुआ था।




### एशिया कप में दोनों के बीच 3 टी-20 मैच संभव; न्यूट्रल वेन्यू पर मुकाबले

# इस साल सितंबर में फिर भिड़ सकते हैं भारत और पाकिस्तान

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारत और पाकिस्तान की टीमें सितंबर महीने में एक बार फिर आमने-सामने हो सकती हैं। दोनों टीमें भारत की मेजबानी में होने जा रहे एशिया कप में हिस्सा लेंगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, एशियाई क्रिकेट परिषद के टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान आपस में 3 मैच खेल सकते हैं। टी-20 फॉर्मेट के इस टूर्नामेंट में 19 मैच खेले जाएंगे। इसके सितंबर में होने की उम्मीद है। भारत-पाकिस्तान के राजनैतिक मतभेद को देखते हुए ष्टष्ट ने तय किया है कि टूर्नामेंट किसी न्यूट्रल वेन्यू पर आयोजित किया जाए। हालांकि, अभी वेन्यू फाइनल नहीं हुआ है।

पिछली बार भारत-पाकिस्तान मुकाबला इसी हफ्ते 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में हुआ था। चैंपियंस ट्रॉफी में खेले गए इस मुकाबले को भारतीय टीम ने 6 विकेट से जीता था। एशिया कप में भारत-पाकिस्तान के 3 मैच कैसे संभव? इस टूर्नामेंट में 8 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। इन टीमों को 2 ग्रुप में बांटा जाएगा। ऐसा बताया जा रहा है कि भारत और पाकिस्तान की टीमों को एक ही ग्रुप में रखा जाएगा। सभी टीमें आपस में लीग मैच खेलेंगी। फिर हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-4 राउंड के लिए क्वालिफाई करेंगी। यहां भी सभी टीमों के एक-एक मैच होंगे। सुपर-4 राउंड से टॉप-2 के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा। नेपाल इस टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होगा। नेपाल की टीम टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है।




### हर टूर्नामेंट में भारत-पाकिस्तान मैच क्यों?

2008 के मुंबई हमले के बाद से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज बंद है। अब दोनों टीमें अब केवल आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट में एक-दूसरे का सामना करती हैं। ऐसे में जब भी भारत-पाकिस्तान मैच होता है, तो दुनिया भर के क्रिकेट फैंस की नजरें इस मुकाबले पर टिकी होती हैं। ऐसे में आयोजक और ब्रॉडकास्टर भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा से ज्यादा कमाई करते हैं।

### 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान गई थी टीम इंडिया

टीम इंडिया ने 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। 3 टेस्ट मैचों की उस सीरीज को भारतीय टीम ने 1-0 से जीता था। इस सीरीज के 2 मैच ड्रॉ रहे थे।

### 2013 में द्विपक्षीय सीरीज खेलने भारत आया था पाक

पाकिस्तान ने 2012-13 में भारत का आखिरी दौरा किया था। उस दौरे पर 3 वनडे और 2 टी-20 मैचों की बाइलैटरल सीरीज खेली गई थी। वनडे सीरीज को पाकिस्तान ने 2-1 से जीता था, जबकि टी-20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर रही थी।

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग

# टीम इंडिया ने इंग्लैंड को हराया सचिन तेंदुलकर और गुरकीरत सिंह के बीच ओपनिंग साझेदारी

**मुंबई. एजेंसी**

डीवाई पाटिल स्टेडियम में मंगलवार को इंडिया मास्टर्स ने इंग्लैंड मास्टर्स को 9 विकेट से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 में लगातार दूसरी जीत का स्वाद चखा। भारतीय जीत के हीरो लिटिल मास्टर सचिन तेंदुलकर और गुरकीरत सिंह मान रहे। दोनों के बीच 7 ओवर में 75 रनों की ओपनिंग साझेदारी हुई। भारत ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। 133 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंडिया की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया।



सचिन और गुरकीरत से भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई भारत को लिटिल मास्टर सचिन तेंदुलकर और गुरकीरत सिंह ने अच्छी शुरुआत दिलवाई। सचिन ने 21 गेंदों पर 34 रन की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने गुरकीरत सिंह मान के साथ मात्र 7 ओवर में 75 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। मान ने भी आक्रामक अंदाज में 35 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए, जो उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। सचिन क्रिस स्कोफील्ड की गेंद पर टिम एम्ब्रोस के हाथों में कैच थमा कर पवेलियन लौट गए। सचिन के बाद युवराज सिंह ने आते ही इंग्लिश लेग स्पिनर की दूसरी गेंद पर मिडविकेट पर एक बड़ा छक्का लगाया। उन्होंने 14 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाए और गुरकीरत के साथ 57 रनों की अविजित साझेदारी करके इंडिया मास्टर्स को सिर्फ 11.4 ओवर में जीत दिलाई।

इंग्लैंड की खराब शुरुआत इससे पहले, इंग्लिश टीम ने 8 विकेट खोकर 132 रन बनाए। भारत को पहली सफलता अभिमन्यु मिथुन ने दिलवाई। उन्होंने तीसरे ओवर में स्टंप पर फिल मस्टर्ड (8) का विकेट लिया और फिर धवल कुलकर्णी ने मॉर्गन को 13 गेंदों पर 14 रन पर आउट करके मेहमान टीम को पावरप्ले के अंदर परेशानी में डाल दिया। शुरुआती जोड़ी के जल्दी आउट होने के बाद टिम एम्ब्रोस और डैरेन मैडी ने पारी की कमान संभाली और दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 43 रनों की साझेदारी की। इसके बाद हालांकि बाएं हाथ के स्पिनर पवन नेगी ने दो ओवर के अंतराल में दो विकेट चटकाए।




## मेट्रो बाजार

# ट्राई: प्रति यूजर आय बढ़ाने के लिए कंपनियों ने बनाया रोडमैप

**मुंबई, एजेंसी**

टैरिफ बढ़ाने के बाद से टेलीकॉम कंपनियों का राजस्व भी लगातार बढ़ रहा है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की कंपनियों के प्रदर्शन के बारे में संकेत देने वाली तिमाही रिपोर्ट के अनुसार समायोजित सकल राजस्व 18.11 प्रतिशत बढ़ा है। गौरतलब है कि निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों एयरटेल, जियो और वोडाफोन आइडिया ने पिछले कुछ महिनों में अपनी मोबाइल सेवाओं की दरों में 20-25 प्रतिशत की वृद्धि की थी। हालांकि शुल्क बढ़ाने के बाद कंपनियों ने ग्राहक भी गंवाए। केवल बीएसएनएल ने इस दौरान पॉजिटिव ग्रोथ दशाई है। ब्रोकरेज फर्म सीएसएसए का कहना है कि एयरटेल और जियो जैसी कंपनियां वित्त वर्ष 2025-27 के दौरान इंडियन मोबाइल रेवेन्यू में 15 फीसदी-18 फीसदी की कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट हासिल कर सकती है। विश्लेषकों का मानना है कि टैरिफ बढ़ोतरी से बड़े पैमाने पर सिम कंसोलिडेशन की संभावना नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि सिम कंसोलिडेशन का एक बड़ा हिस्सा पूरा हो चुका है. ऐसे में उपभोक्ता शायद उतना डाउनग्रेड न करें। सरकार के अनुसार पिछले पांच वर्षों में टेलीकॉम सेक्टर में व्यापार घाटा (टेलीकॉम उपकरण और मोबाइल मिलाकर) 75,000 करोड़ रुपए से घटकर 8,000 करोड़ रुपए रह गया है। इस दौरान टेलीकॉम क्षेत्र के आयात-निर्यात के बीच अंतर भी कम हुआ है। देश में टेलीकॉम सेक्टर से जुड़े उपकरणों की बिक्री भी रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। प्रॉडक्शन लिंक्ड स्कीम के तहत घरेलू स्तर पर बने टेलीकॉम उपकरणों की बिक्री 60,000 करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। इससे 20,800 प्रत्यक्ष नौकरियां और कई अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा हुई हैं। टेलीकॉम मंत्रालय की ओर से कहा गया कि टेलीकॉम क्षेत्र में पीएलआई स्कीम को शुरू हुए करीब तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं। इस दौरान करीब 4000 करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश इस सेक्टर में आया है।



## एयरटेल ने लॉन्च किया स्पैम कॉल और एसएमएस से निपटने के लिए एआई-ड्रिवेन सॉल्यूशन

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारती एयरटेल ने स्पैम की बढ़ती समस्या को दूर करने के लिए एक बड़ा कदम उठाते हुए भारत का पहला एआई-ड्रिवेन, नेटवर्क-बेस्ड स्पैम डिटेक्शन सॉल्यूशन पेश किया है. इसे एयरटेल के सभी यूजर्स के लिए ऑटोमैटेकली एक्टिवेट कर दिया जाएगा. यह सॉल्यूशन बिना किसी ऐप को डाउनलोड किए या सर्विस रिक्वेस्ट के रियल टाइम में स्पैम कॉल और एसएमएस के बारे में ग्राहकों को अलर्ट कर टेलीकॉम इनोवेशन का एक नया मानक स्थापित करता है. स्पैम कॉल और मैसेज भारत में एक पुरानी समस्या रही है, जिससे रोजाना लाखों मोबाइल यूजर प्रभावित होते हैं. इंडस्ट्री डेटा के अनुसार, स्पैम कॉल और एसएमएस से प्रभावित होने के मामले में भारत दुनिया के शीर्ष देशों में से एक है।

## टाटा के एक लाख करोड़ के मेगा सेमीकंडक्टर प्लांट से जुड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

टाटा ग्रुप के धोलेरा में बन रहे सेमीकंडक्टर प्लांट को अब ताइवान की दिग्गज कंपनी पीएसएमसी का सपोर्ट हासिल हो गया है. टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के इस प्लांट को PSMC डिजाइन और कंस्ट्रक्शन सपोर्ट उपलब्ध कराएगी. दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर देश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को लेकर चर्चा की. पीएम मोदी ने इस मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि टाटा संस और पीएसएमसी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात के दौरान भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के बारे में वार्ता हुई. पीएसएमसी भारत को लेकर उत्साहित है और यहां अपना कारोबार बढ़ाना चाहती है. टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन के कहा कि पीएसएमसी की टेक्नोलॉजी और विशेषज्ञता से टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स को सेमीकंडक्टर बनाने में बहुत आसानी हो जाएगी. गुजरात का धोलेरा प्लांट भारत का पहला एआई सपोर्ट से चलने वाला होगा.

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**



# पिता से बगावत कर एक्टिंग करने निकली थी मौनी रॉय

पश्चिम बंगाल के कूच बिहार की रहने वाली एक्ट्रेस मौनी रॉय आज एक सफल एक्ट्रेस के तौर पर जानी जाती हैं। वो टीवी से लेकर फिल्मों तक का बड़ा चेहरा हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत टीवी से की थी और आज वो बड़े पर्दे पर धमाल मचाती हैं। एक्ट्रेस ने जहां अपने करियर की शुरुआत टीवी शो 'नागिन' से की थी, वहीं उन्होंने अक्षय कुमार की फिल्म 'गोल्ड' से फिल्मों में एंट्री की। एक्ट्रेस को मुख्य तौर पर एकता कपूर के टीवी शो नागिन के लिए जाना जाता है। इससे वो घर-घर में पॉपुलर हो गईं। लेकिन, उनके बारे में ये बात बहुत कम लोग जानते होंगे कि मौनी ने अपने पिता के खिलाफ जाकर एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा है। जी हां, आपने सही सुना। मौनी रॉय के पिता का सपना था कि उनकी बेटी आईएएस अफसर बने, लेकिन अपने सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने अपने पिता का सपना तोड़ दिया और एक्टिंग की दुनिया में आ गईं। दरअसल, एक्ट्रेस के बारे में ये सारी बातें हम उनके जन्मदिन के मौके पर बता रहे हैं। एक्ट्रेस 38 साल की हो गई हैं। उनका जन्म 28 सितंबर 1985 को पश्चिम बंगाल में हुआ था।

### मौनी रॉय पहले पत्रकार बनना चाहती थीं

मौनी रॉय ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उनके पिता का सपना था कि वह आईएएस अधिकारी बनें। लेकिन एक्ट्रेस बचपन से ही हीरोइन बनना चाहती थीं, लेकिन जब वह दिल्ली आईं तो उन्होंने पत्रकार बनने की कोशिश शुरू कर दी। इसके लिए उन्होंने जामिया मिलिया इस्लामिया में मास कम्युनिकेशन में एडमिशन भी लिया। हालांकि, एक्ट्रेस ने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और अपने सपनों को पंख देने के लिए मुंबई का रुख किया. मुंबई आने के बाद उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की पहली सीढ़ी चढ़ी. उन्होंने बैकग्राउंड डांसर के तौर पर काम करना शुरू किया। इसके बाद मौनी को एकता कपूर का टीवी शो क्योंकि सास भी कभी बहू थी मिला। इसमें उन्होंने तुलसी का किरदार निभाया. हालांकि, इससे उन्हें ज्यादा लोकप्रियता नहीं मिली. इंडस्ट्री में लोग उनके काम को पहचानने लगे। फिर, मौनी रॉय को एकता कपूर का दूसरा टीवी सीरियल नागिन मिला। इसने उनकी किस्मत बदल दी। इस शो से एक्ट्रेस घर-घर में मशहूर हो गईं. इसमें लोगों ने उन्हें नागि के किरदार में काफी पसंद किया। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और महादेव, कस्तूरी, दो सहेलियां और जुनून-ऐसी नफरत तो इश्क कैसा में काम किया।

# एक्ट्रेस अनन्या पांडे बोली- आइटम नंबरों को दूसरे दृष्टिकोण से देखने की जरूरत




अनन्या पांडे हिंदी फिल्मों के दुनिया की एक जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। वह इंडस्ट्री के उन स्टार किड्स में से एक हैं, जिन्हें काफी चर्चा मिलती हैं। वह बीते कुछ समय से लगातार अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई उनकी डेब्यू ओटीटी सीरीज कॉल मी बे को लेकर वह काफी चर्चा में रही थीं। अब वह नेटफ्लिक्स की अपनी आगामी फिल्म कंट्रोल को लेकर सुर्खियों में हैं। इस बीच उन्होंने फिल्मों में आइटम नंबर करने को लेकर बात की है। अपने पांच साल के फिल्मी करियर में अनन्या पांडे बॉलीवुड की सबसे चर्चित स्टार किड्स में से एक बन गई हैं। उन्होंने खो गए हम कहां, लाइगर, पति पत्नी और वो आदि कुछ फिल्मों में अपने अभिनय से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। हाल में ही उन्होंने ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे के साथ एक इंटरव्यू में आइटम नंबर करने को लेकर अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने के कई और तरीके हैं। उन्होंने कहा कि डांस नंबर के इरादे के आधार पर अपना फैसला लेंगी। उन्होंने आगे कहा उन आइटम नंबरों को दूसरे दृष्टिकोण से देखने की जरूरत है और ऐसे कई तरीके हैं जिनके माध्यम से इसे एक अलग और महत्वपूर्ण रूप में दिखाया जा सकता है। 'कॉल मी बे' स्टार ने कहा कि अगर उनका किरदार एक सशक्त लड़की का है, उसे बहुत ज्यादा अश्लील नहीं बनाया जा रहा है, तो वह आइटम नंबर कर सकती हैं। अगर उनके किरदार को सम्मान नहीं दिया जा रहा है, तो वह इसे करने से मना कर देंगी।

# सलमान की एक्स को सोनू निगम ने दिया धोखा! सोमी अली बोलीं- नहीं पता था वे फायदा उठाएंगे



एक्ट्रेस सोमी अली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने सिंगर सोनू निगम पर धोखा देने का आरोप लगाया है। हालांकि, उन्होंने वीडियो में सीधे सोनू निगम का नाम नहीं लिया, लेकिन कैप्शन में उन्हें टैग करते हुए काफी कुछ लिखा। सोमी ने लिखा- मैं उनकी बहुत इज्जत करती थी, लेकिन मुझे नहीं पता था कि वो मेरे साथ ऐसा करेंगे। बता दें, सोमी अली का नाम सलमान खान के साथ भी जोड़ा जा चुका है।



**वीडियो के जरिए सोमी ने निकाली भड़ास:** सोमी अली ने वीडियो में बताया, 'मैंने कुछ साल पहले एक टॉक शो शुरू किया था। जिसमें कुछ लोगों के इंटरव्यू लिए थे। इस शो में मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जो बहुत ही ज्ञान की बातें कर रहे थे। वो मेरे शो में उस वक्त आए थे, जब हमारे पास कोई बजट नहीं था। जिस कारण मैं उनका बहुत सम्मान करती थी।'

**यकीन नहीं था वो मेरे साथ ऐसे करेंगे:** सोमी अली ने आगे कहा, लंदन में कोई प्रोजेक्ट पाने के लिए जब मैंने उनसे बात करने की कोशिश की, तो उन्होंने मुझे इग्नोर कर दिया। उस वक्त मुझे यकीन नहीं हुआ कि कोई ऐसा कैसे कर सकता है। मुझे उन पर भरोसा था, जिसे उन्होंने तोड़ दिया।' एक्ट्रेस ने वीडियो में ये भी दावा किया कि वो शख्स चैट शो में इसलिए आए थे, क्योंकि वह मुंबई में किसी से जुड़ी हुई थीं और उस व्यक्ति को दूसरे शख्स को ये साबित करना था कि, 'मैं आपकी एक्स-गर्लफ्रेंड के शो में गया था।' सोमी अली ने वीडियो के कैप्शन में सोनू निगम को टैग भी किया है। एक्ट्रेस ने लिखा, 'लोग ऐसे ही होते हैं और इसी तरह से आपका फायदा उठाते हैं। सोनू निगम दूसरों के वीडियो बनाते हैं, जिन्होंने उनके साथ गलत बर्ताव किया है। मैं हैरान हूं। मेरे मन में उनके लिए काफी इज्जत थी। लेकिन वो कहते हैं ना, किसी भी किताब को उसके कवर पेज से जज नहीं किया जा सकता।

### पंचशील नगर पुलिया के पास सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरी गंभीर घायल

# कंप्यूटर क्लास से घर लौट रही एक्टिवा सवार युवती को सागर पब्लिक स्कूल की बस ने रौंदा

**जयप्रकाश अस्पताल से किया हमीदिया रैफर, एक ने तोड़ दिया दम, दूसरी का चल रहा है इलाज**



**पुलिस ने मर्ग कायम कर स्कूल बस को जब्त कर लिया आरोपी पुलिस चालक भी हिरासत में**

**श्याम नगर बरखेड़ा पठानी में रहती थी एमएलबी कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा थी।**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित पंचशील नगर पुलिया के पास दोपहर सागर पब्लिक स्कूल की बस ने एक्टिवा सवार छात्राओं को टक्कर मार दी। हादसे के बाद दोनों छात्राओं को जय प्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां प्राथमिक उपचार के बाद छात्राओं को हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। हमीदिया अस्पताल पहुंचने पर एक छात्रा की मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने मर्ग कायम कर स्कूल बस को जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार महिमा प्रजापति पिता राजेश प्रजापति (20) मकान नंबर -44, श्याम नगर बरखेड़ा पठानी में रहती थी। वह एमएलबी कॉलेज में सेकंड ईयर की छात्रा थी। गुरुवार को महिमा अपनी सहेली इति उपाध्याय के साथ हर्षवर्धन नगर स्थित कंप्यूटर सेंटर गई थी।

## सोशल मीडिया का कर रही थी कोर्स

दरअसल उसे सोशल मीडिया एडवटीजमेंट का कोर्स करना था। महिमा और इति कंप्यूटर सेंटर से क्लास अटैंड करने के बाद एक्टिवा से घर जाने के लिए निकल गई। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वे एक्टिवा से पंचशील नगर पुलिया के पास मुख्य सड़क पर पहुंची ही थी कि सामने से आ रही सागर पब्लिक स्कूल की बस ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से दोनों एक्टिवा समेत सड़क पर गिर गई थी। इस हादसे में महिमा को सिर में गंभीर चोट थी। उसकी हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। फिलहाल घायल हुई दूसरी युवती का इलाज चल रहा है।

## तीन बहनों में मझली बहन थी महिमा

महिमा की बड़ी बहन की शादी हो चुकी है। वह परिवार में मझली बेटी थी, जबकि उससे एक छोटी बहन है। महिमा की मौत की खबर सुनकर मां पिता बेसुध हो गए। पुलिस ने बताया कि जिस समय हादसा हुआ उस समय सागर पब्लिक स्कूल की बस बच्चों को उनके घर छोड़कर लौट रही थी। पुलिस ने बस जब्त कर टक्कर मारने वाले बस चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में इति उपाध्याय की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# गांजा तस्करों से 9 किलो 80 ग्राम गांजा बरामद

**आरोपी सस्ते में गांजा लाकर राजधानी में फुटकर बेचकर कमाते थे मुनाफा**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

क्राइम ब्रांच की टीम ने एमपी नगर यश बैंक के पास से एक महिला सहित तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 9 किलो 80 ग्राम गांजा जब्त किया है।

प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि आरोपी सस्ते में गांजा खरीदकर लाते थे और उसे भोपाल में फुटकर में बेचकर मुनाफा कमाते थे। क्राइम ब्रांच आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ कर रही है।

## यस बैंक के सामने मैदान से एक महिला सहित तीन लोगों की ली गई तलाशी

पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच की टीम ने एमपी नगर में यश बैंक के सामने मैदान से एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। उनकी तलाशी लेने पर उनके पास से 9 किलो 80 ग्राम गांजा मिला।

## बरामद किए गांजे की कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम पूजा कुचबंदिया पति दीपक कुचबंदिया (30) गंज बजरंग चौक सीहोर, देव कुचबंदिया पिता मूरत सिंह कुचबंदिया (20) बजरंग चौराहा गंज सीहोर और शिवम कुचबंदिया पिता बबलू कुचबंदिया (19) गंज बजरंग चौराहा, सीहोर का बताया। जब्त गांजे की कीमत 1 लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# अधेड़ ने छह साल की मासूम से की अश्लील हरकत, गिरफ्तार



**भोपाल।** गांधी नगर थाना क्षेत्र में 6 साल की मासूम से अश्लील हरकत करने वाले 56 साल के अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया है। उसे न्यायायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 6 साल की बच्ची इलाके में अपने नाना-नानी के साथ रहती है। उसके माता-पिता मुंबई में रहकर मजदूरी करते हैं। गत 25 फरवरी मंगलवार को उसकी नाना-नानी मजदूरी करने गए थे। शाम को नानी लौटी तो मासूम ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला शमशाद ने उसे खेलने के लिए घर बुलाया और उसने उसके प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ की। नानी ने उसके प्राइवेट पार्ट को चेक किया तो उन्हें कुछ गड़बड़ी लगी और वह बच्ची को लेकर अगले ही दिन गुरुवार को गांधी नगर थाने में पुलिस को शिकायत की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## आरोपी बोला अकेला देख बदली नियत

बच्ची के नाना नानी मजदूरी करने जाते हैं। बच्ची घर में अकेली रहती है। आरोपी उसे अक्सर अकेले घर पर खेलते हुए देखता था और उसकी नियत खराब हो गई। उसने बच्ची को खेलने के लिए घर बुलाया और प्राइवेट पार्ट से छेड़छाड़ कर दी। बच्ची रोने लगी तो आरोपी ने उसे छोड़ दिया।

# बड़ी बहन ने फटकार लगाई तो नाबालिग बहनें घर से भागीं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**रानी कमलापति स्टेशन से मुंबई की महिला के साथ ट्रेन से पहुंची जौनपुर, बच्चियों को लाने के लिए भेजी जाएगी पुलिस, कार्रवाई जारी**

बिलखिरिया इलाके में रहने वाली आठवीं और दसवीं कक्षा में पढने वाली दो सगी बहनें घर छोड़कर भाग निकली। दोनों को उनकी बड़ी बहन ने फटकार लगाई थी। जांच के दौरान पता चला कि दोनों रानी कमलापति स्टेशन पर मुंबई की एक महिला के साथ ट्रेन में सवार होकर जौनपुर उत्तर प्रदेश पहुंच गई हैं। बच्चियों का पता चलने के बाद पुलिस की एक टीम जल्द ही जौनपुर के लिए रवाना की जा रही है। थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि इलाके में रहने वाली 22 वर्षीय मूलत~ दूसरे जिले की रहने वाली है और उसकी शादी हो चुकी है।

युवती ने अपनी तीन अन्य बहनों और दो भाइयों को अपने पास पढ़ाई के लिए रखा हुआ है, जबकि उसके पिता गांव में रहते हैं। वह प्रायमरी स्कूल में टीचर हैं। साथ रहने वाली सोलह साल की बहन दसवीं और चौदह साल की बहन आठवीं कक्षा में पढ़ती है। बीती 26 फरवरी को दोनों बहने महाशिवरात्रि के जुलूस में शामिल होने पहुंची थी।

वापस लौटने के बाद वह अपने ब्वायफ्रेंड से बात कर रही थी, तभी बड़ी बहन ने सुन लिया। उसने दोनों को फटकार लगाते हुए उनके हाथ बांध दिए और गांव भेजने के लिए टैक्सी लाने के लिए चली गई। रात करीब दस बजे बड़ी बहन कार लेकर घर पहुंची तो दोनों कमरे से गायब हो चुकी थी।

गुरुवार को थाने जाकर दर्ज कराई रिपोर्ट परिवार वालों ने दोनों बहनों की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल पाया। गुरुवार को बड़ी बहन ने थाने जाकर उनके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि घर से भागने के बाद दोनों रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंची और बनारस की तरफ जाने वाली ट्रेन में सवार हो गई। इस दौरान उन्होंने अपने ब्वायफ्रेंड के मोबाइल से कान्फ्रेंसिंग के जरिए भाई के बात की थी। पुलिस ने जब उक्त नंबर की लोकेशन निकाली तो वह भोपाल की मिली, लेकिन मोबाइल स्विचआफ था।

मुंबई की महिला के साथ पहुंची जौनपुर शुक्रवार सुबह दोनों की लोकेशन जौनपुर उत्तर प्रदेश मिली। पुलिस को एक नंबर मिला, जिस पर महिला से बात हुई। महिला ने बताया कि दोनों लड़कियां बनारस जाने के लिए ट्रेन में सवार हुई थी। वह रो रही थी, इसलिए महिला उन्हें अपने साथ जौनपुर लेकर चली गई।

बाद में पुलिस से संपर्क होने पर पता चला कि दोनों बहनें घर से बगैर बताए निकली थी। पुलिस ने महिला से दोनों को अपने घर ही रोककर रखने का बोला है। इधर बच्चियों को लाने के लिए पुलिस की एक टीम जल्द ही जौनपुर के लिए रवाना की जा रही है।

# दो साल पहले किया था चौदह वर्षीय किशोरी का अपहरण, चार महीने के बच्चे के साथ पुलिस ने ढूंढ निकाला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बिलखिरिया पुलिस की कार्रवाई, मोबाइल में नई सिम डालते ही पुलिस ने की लोकेशन ट्रैस, उज्जैन पहुंचकर किया बरामद**



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता से दो साल पहले लापता हुई 14 साल की किशोरी को पुलिस को उज्जैन के एक गांव में मिल गई। पुलिस को उसके साथ चार महीने का बेटा भी मिला है। दरअसल, किशोरी एक युवक बहला-फुसलाकर राजस्थान ले गया था। वहां मंदिर में शादी कर ली थी। किशोरी को अगवा करने वाले युवक की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी उमेश सिंह चौहान ने बताया कि कोकता निवासी किशोरी और उसके दो भाई चाचा के साथ रहते थे। माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। जुलाई 2023 में परिजन ने किशोरी के अगवा होने की शिकायत दर्ज कराई थी। उस समय किशोरी की उम्र 13 साल 10 महीने थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश की। इस दौरान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और मोबाइल की लोकेशन भी ट्रेस करना शुरू कर दी। जांच में पता चला कि संदेही ने अपना मोबाइल बंद कर लिया है। करीब दो साल बाद पिछले दिनों सायबर सेल से पता चला कि संदेही के मोबाइल में नई सिम लगाई गई है और मोबाइल का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## टावर लोकेशन से पहुंची पुलिस

मोबाइल की टावर लोकेशन के आधार पर पुलिस उज्जैन के एक गांव पहुंची। वहां अगवा किशोरी मिल गई। गांव में किशोरी कथित सास-ससुर के साथ रह रही थी। उसके साथ उसका चार माह का बेटा है। पुलिस मां-बेटे को भोपाल लेकर पहुंची। किशोरी ने बताया कि आरोपी गोविंद (21) लौहपीटा है और उसका किशोरी के घर आना-जाना था। जुलाई 2023 में उसने किशोरी को अगवा कर लिया। दोनों राजस्थान पहुंचे और एक मंदिर में शादी कर ली। दोनों वहां झुग्गी बनाकर रह रहे थे। गोविंद खेतों में काम करता है। पुलिस का कहना है कि इन दिनों राजस्थान में सरसो कटाई का काम चल रहा है। गोविंद ने किशोरी को उज्जैन भेज दिया था, जबकि वह खुद सरसो कटाई के बाद उज्जैन आने वाला था।

**मेट्रो एंकर** राजधानी के स्टेशन पर चोर और बदमाशों का जमावड़ा, महकमा बस रिपोर्ट पर रुका

# नर्मदा एक्सप्रेस में यात्री के हाथ से मोबाइल झपटा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनों में चोरी और लूट की वारदात थमने का नाम नहीं ले रही है। नर्मदा एक्सप्रेस के जनरल कोच में गेट पर बैठकर सफर कर रहे यात्री के हाथ पर झपट्टा मारकर बदमाश मोबाइल छीनकर ले गया। वारदात भोपाल स्टेशन से निकलने के बाद रानी कमलापति स्टेशन पहुंचने से पूर्व हुई। जीआरपी ने लूट का मामला दर्ज कर अज्ञात लुटेरे की तलाश शुरू कर दी है।

जीआरपी के अनुसार जबलपुर निवासी रोहित कुशवाहा ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि वह वह नर्मदा एक्स के पीछे के जनरल कोच में भोपाल से जबलपुर की यात्रा कर रहा था। यात्रा के दौरान वह ट्रेन के गेट में बैठकर मोबाइल चला रहा था। ट्रेन भोपाल स्टेशन से निकलकर कुछ ही दूर रानी कमलापति स्टेशन की तरफ चली थी। इसी बीच रेलवे ट्रैक किनारे खड़े अज्ञात बदमाश उनके हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल गिरा दिया। मोबाइल गिरते ही आरोपी

मोबाइल उठाकर भाग निकला था। अंधेरा होने और ट्रेन रफ्तार में होने के कारण रोहित बदमाश का चेहरा नहीं देख सका और नीचे उतरकर उसका पीछा नहीं कर सका। लूटे गए मोबाइल की कीमत 23 हजार रुपए बताई जा रही है।

### शताब्दी एक्सप्रेस से यात्री का 70 हजार का आईफोन चोरी



वहीं, भोपाल निवासी सुमित कुमार शर्मा निवासी शिकायत करते हुए बताया कि वे शताब्दी एक्स के कोच सी/7 पर ग्वालियर से रानी कमलापति की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान उन्होंने अपना आईफोन 13, सीट पर रखा दिया। रेलवे स्टेशन रानी कमलापति पर ट्रेन रुकने के बाद वह अपना मोबाइल सीट पर ही छोड़कर बाहर निकल गए। उन्हें मोबाइल की याद आई और वह ट्रेन में पहुंचे, लेकिन सीट पर मोबाइल नहीं था। सीट के आसपास नीचे मोबाइल की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद जीआरपी रानी कमलापति में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। चोरी गए मोबाइल की कीमत 70 हजार रुपए है।

**महामना एक्सप्रेस में महिला का पर्स चोरी**

भोपाल निवासी अंबर नायक ने जीआरपी भोपाल में शिकायत करते हुए बताया कि वह महामना एक्स में ललितपुर से भोपाल अपने परिवार के साथ यात्रा कर रहे थे। ट्रेन प्लेटफार्म नंबर-5 पर पहुंची और परिवार ट्रेन से उतरकर पुराने ओवरब्रिज पर पहुंचा। इस दौरान उनकी पत्नी की नजर लेडिज पर्स पड़ी तो चेन खुली हुई थी। अंदर रखा छोटा पर्स नहीं था। पर्स की तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। पर्स में साड़े तीन हजार रुपए की नगदी, एक ग्राम का सोने का सिक्का, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस सहित अन्य दस्तावेज नहीं थे।

# दिग्विजय सिंह के जन्मदिन पर स्वास्थ्य केंद्र में फल का वितरण




**भोपाल।** कोलार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पर आज  पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के जन्मदिवस पर जिला कांग्रेस  के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष राहुल सिंह राठौ? के नेतृत्व मे 101 मरीजों को 5 तरह के फल के पैकेट का वितरण किया गया।  राहुल सिंह राठौड़ ने बताया कि निरंतर 11 वर्ष  से इस दिन कोलार सामुदायिक स्वास्थ केंद्र मे फल वितरण कार्यक्रम किया जा रहा है। आज .इस अवसर पर मनोज मिश्रा,राजीव सिंह परिहार,बबलू खान, सुबोध अग्रवाल, आदि उपस्थित थे

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022